CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 299 | राजनांदगांव, शनिवार 19 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# उपचुनाव: नंदीग्राम के कांग्रेस प्रत्याशी गिरफ्तार, टीएमसी उम्मीदवार संचिता ने वापस लिया नामांकन, ममता ने कांग्रेस को दिया समर्थन

कोलकाता। नंदीग्राम उपचुनाव में शुक्रवार को घटनाक्रम तेजी से बदला। ममता बनर्जी गुट की उम्मीदवार संचिता प्रधान ने नामांकन वापस ले लिया, जिसके बाद ममता बनर्जी ने कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान की गिरफ्तारी से चुनावी मुकाबले में नया मोड़ आ गया है। ममता ने कहा कि कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला पहले ही हो चुका था। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि उनका गुट नंदीग्राम में अब कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं उतारेगा। उन्होंने विपक्षी एकजुटता का हवाला देते हुए कहा कि यह फैसला व्यापक राष्ट्रीय हित में लिया गया है।

ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने 13 सितंबर को नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव के लिए संचिता प्रधान डे को अपना उम्मीदवार घोषित किया था। वहीं, कांग्रेस ने पहले ही मिलन प्रधान को इस सीट से प्रत्याशी बनाया था। शुक्रवार को संचिता प्रधान ने अपना नामांकन वापस ले लिया। उनकी नामांकन वापसी की समय-सीमा खत्म होने से एक दिन पहले यह घटनाक्रम हुआ। इसके बाद ममता बनर्जी ने कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा कर दी। संचिता प्रधान के हटने के बाद ममता गुट का नंदीग्राम में अपना उम्मीदवार नहीं रहेगा।



### ममता बोलीं- कांग्रेस को समर्थन का फैसला पहले ही हो चुका था

संचिता प्रधान के नामांकन वापस लेने के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि उनका गुट नंदीग्राम में कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या संचिता प्रधान ने इसलिए नामांकन वापस लिया क्योंकि ममता गुट अब कांग्रेस का समर्थन कर रहा है, तो ममता ने इस बात को खारिज किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला पहले ही लिया जा चुका था। ममता का यह स्पष्टीकरण इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नामांकन वापसी और कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा लगभग एक ही समय में सामने आई।

### नंदीग्राम और असम में कांग्रेस को समर्थन

ममता बनर्जी ने कहा कि उनका गुट नंदीग्राम और असम में कांग्रेस को समर्थन दे रहा है। उन्होंने इसे देश के व्यापक हित से जोड़ा। उन्होंने नंदीग्राम में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन की बात स्पष्ट करते हुए कहा कि रेजीनगर को लेकर फैसला बाद में लिया जाएगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों के साथ असम की नगांव लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव होने हैं। चुनाव आयोग की व्यवस्था इन उपचुनावों के लिए दोनों टीएमसी गुटों की अलग-अलग पहचान तय करती है।

### राहुल गांधी के फोन का भी किया जिक्र

ममता बनर्जी ने विपक्षी एकजुटता की बात करते हुए राहुल गांधी से बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने उनसे फोन पर बात की थी। ममता ने विपक्षी दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की बात कही। उनके बयान में INDIA गठबंधन के साथ एकजुटता पर जोर दिया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# देश की जीडीपी पर मूडीज का बड़ा अपडेट: ग्रोथ अनुमान 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत

नई दिल्ली। भारतीय इकोनॉमी को लेकर एक और बड़ी खबर आई है. रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है. इससे पहले एजेंसी ने आर्थिक वृद्धि दर 6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था. मूडीज ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से पैदा हुए वैश्विक झटकों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है. हालांकि, एजेंसी ने आने वाले समय में महंगाई और तेल की कीमतों को लेकर सावधान किया है.




### छह महीने में 8.2 प्रतिशत की रफ्तार

मूडीज के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत रही. ये कैलेंडर वर्ष 2025 में दर्ज 7.3 प्रतिशत की वृद्धि से ज्यादा है. आर्थिक वृद्धि को कई मोर्चों से सहारा मिला है. इनमें निजी खपत में मजबूती, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर लगातार खर्च और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में मजबूत वृद्धि शामिल हैं. इसके अलावा निजी क्षेत्र के निवेश में सुधार की संभावना और सेवा क्षेत्र की लगातार मजबूती भी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक रही है. वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में भी भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी. ये आरबीआई के 7 प्रतिशत के अनुमान से ज्यादा रही.

### महंगाई पर क्यों है मूडीज की नजर?

मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाने के साथ महंगाई के जोखिम को लेकर भी आगाह किया है. एजेंसी का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 में औसत महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रह सकती है. ये वित्त वर्ष 2025-26 में दर्ज 2.4 प्रतिशत से काफी ज्यादा है. एजेंसी के मुताबिक, अगर पश्चिम एशिया के संघर्ष का स्थायी समाधान नहीं होता है तो कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रह सकती हैं. इससे भारत की महंगाई अनुमान से ज्यादा बढ़ सकती है. इसके अलावा अल नीनो से जुड़ी मौसम संबंधी बाधाओं से खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ने का जोखिम है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में यूपीआई पर एमडीआर को लेकर विरोध: सराफा और पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने जताई आपत्ति

रायपुर। छत्तीसगढ़ में यूपीआई भुगतान पर एमडीआर (Merchant Discount Rate) लागू किए जाने की चर्चा के बीच व्यापारिक संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। सराफा एसोसिएशन और पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने एमडीआर को लेकर अपनी आपत्ति जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है।



सरकार से फैसला वापस लेने की मांग

सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष धरमचंद भंसाली ने कहा कि यदि व्यापारियों को PI भुगतान पर एमडीआर देना पड़ा, तो इसकी भरपाई के लिए ग्राहकों से अतिरिक्त राशि लेने की स्थिति बन सकती है। उनका कहना है कि इससे डिजिटल भुगतान करने वाले ग्राहकों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने सरकार से एमडीआर से जुड़े निर्णय को वापस लेने की मांग की है।

**0 पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने भी जताया विरोध:** पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल घगट ने भी यूपीआई पर एमडीआर को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र भेजा गया है। एसोसिएशन अब सरकार के जवाब का इंतजार कर रहा है और जवाब मिलने के बाद आगे की रणनीति तय करने की बात कही है। व्यापारी संगठनों का कहना है कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के बीच यूपीआई लेनदेन पर अतिरिक्त शुल्क का असर व्यापारियों और ग्राहकों दोनों पर पड़ सकता है। अब इस मुद्दे पर सरकार के जवाब का इंतजार है।

# ममता बनर्जी की पार्टी का नाम ममता टीएमसी: सिंबल फुटबॉल प्लेयर; बागी गुट डेमोक्रेटिक टीएमसी कहलाएगा

नई दिल्ली/कोलकाता। बंगाल में दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से 18 दिन पहले चुनाव आयोग ने टीएमसी के दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए हैं। ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और 'फुटबॉल खिलाड़ी' का चिह्न मिला है, जबकि दूसरे गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' और 'लिफाफा' दिया गया है।

इससे एक दिन पहले आयोग ने दोनों गुटों को 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फूल-घास' वाला मूल चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने से रोक दिया था। यह अंतरिम व्यवस्था है। मूल नाम और चिह्न पर अंतिम फैसला अभी



6 अक्टूबर का उपचुनाव नए नाम-सिंबल पर

आना बाकी है। अब दोनों गुट उपचुनाव में नई पार्टी नाम और सिंबल से चुनाव लड़ेंगे। नंदीग्राम और रेजीनगर पर 6 अक्टूबर को वोटिंग हैं और रिजल्ट 9 अक्टूबर को आएगा। चुनाव आयोग के फैसले पर ममता ने कहा- EC मेरी पार्टी का वह चुनाव चिह्न कैसे फ्रीज कर सकता है जो 28 साल से हमारे पास है। ना तो हम सिर झुकाएंगे और ना ही हार मानेंगे; हम लड़ेंगे और वापसी करेंगे। टीएमसी के बागी बीजेपी की 'A-टीम हैं; जो लोग हमारे चुनाव चिह्न पर चुने गए थे, वे ही अब इसे चुनौती दे रहे हैं। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव हैं। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी ॠस्ष्ट धड़े से मोहम्मद एतेशामुल हक नंदीग्राम और सफीउद्दीन शेख रेजीनगर से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, पूर्व सीएम ममता बनर्जी की टीएमसी ने रविवार को नंदीग्राम से संचिता प्रधान (डे) और रेजीनगर से रबीउल आलम चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया था। हालांकि संचिता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पाटन चुनाव याचिका: हाईकोर्ट ने भूपेश की अर्जी खारिज की: 45 दिन की समय सीमा का दिया था तर्क

दुर्ग-भिलाई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने सांसद विजय बघेल की ओर से दायर चुनाव याचिका को खारिज करने की मांग को लेकर भूपेश बघेल की ओर से लगाए गए आवेदन को खारिज कर दिया है। आवेदन में तर्क दिया गया था कि विजय बघेल की चुनाव याचिका निर्धारित समय-सीमा के बाद दायर की गई है।



5 अक्टूबर को विजय गवाही देंगे

आवेदन खारिज होने के बाद अब विजय बघेल की गवाही और सबूत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। हाईकोर्ट ने विजय बघेल को गवाही के लिए 5 अक्टूबर को हाईकोर्ट में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले आवेदन पर सुनवाई के दौरान विजय बघेल की गवाही की प्रक्रिया रोक दी गई थी।

मामला पाटन विधानसभा चुनाव से जुड़ी चुनाव याचिका का है। सांसद विजय बघेल ने चुनाव परिणाम को चुनौती देते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में इलेक्शन पिटिशन दायर की है। इस याचिका को खारिज करने की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से हाईकोर्ट में आवेदन लगाया गया था। आवेदन में तर्क दिया गया था कि चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका निर्धारित 45 दिन की समय-सीमा के भीतर दायर करनी होती है। भूपेश बघेल की ओर से कहा गया कि विजय बघेल ने यह याचिका तय समय-सीमा के बाद दायर की है। इसलिए इसे समय बाधित मानते हुए खारिज किया जाना चाहिए। भूपेश बघेल की ओर से आवेदन पेश किए जाने के बाद हाईकोर्ट ने मामले में दोनों पक्षों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पंजाब में बीजेपी की नशा मुक्त यात्रा से पहले रवनीत बिट्टू के काफिले पर हमला, पत्थर, अंडे और टमाटर फेंकने का आरोप



बटाला। पंजाब में बीजेपी आज 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' शुरू करने जा रही है। लेकिन इस यात्रा से पहले पहले पार्टी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के काफिले पर हमले का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार को बटाला के पास घसीतपुर इलाके में हुई, जब बिट्टू अमृतसर से पठानकोट जा रहे थे। बिट्टू के मुताबिक, काफिला घसीतपुर के पास पहुंचा तो बड़ी संख्या में लोग वहां मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके काफिले को घेरने की कोशिश की गई और वाहनों पर अंडे, टमाटर तथा पत्थर फेंके गए। बिट्टू ने यह भी दावा किया कि कुछ वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त हुए और मौके पर मौजूद कुछ लोगों के पास हथियार थे।

### रवनीत बिट्टू ने लगाए आरोप

रवनीत बिट्टू ने आरोप लगाया कि हमले के पीछे आम आदमी पार्टी से जुड़े लोग थे। उन्होंने स्थानीय आप विधायक के समर्थकों पर उन्हें बीजेपी की नशा विरोधी यात्रा में शामिल होने से रोकने की कोशिश का आरोप लगाया। बिट्टू ने घटना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पंजाब के DGP गौरव यादव से बात करने की जानकारी दी है। उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि अगर उन्हें कोई नुकसान होता है तो पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन जिम्मेदार होंगे।

### सुनील जाखड़ ने जताई चिंता

रवनीत सिंह बिट्टू के काफिले पर हुए कथित हमले पर बीजेपी नेता सुनील जाखड़ ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं इसे बहुत दुर्भाग्यपूर्ण मानता हूं। यह सिर्फ रवनीत बिट्टू की बात नहीं है। आज सुबह अमृतसर में नाइट पेट्रोलिंग के दौरान एक स्ढ्ढ की हत्या कर दी गई। मोटरसाइकिल पर आए बदमाशों ने उनकी जान ले ली। बिट्टू पर हुआ हमला राजनीतिक मकसद से किया गया है। यह पंजाब में हालात को अस्थिर करने की कोशिश है। देखिए आम आदमी पार्टी की सरकार या यूं कहें कि भगवंत मान किस तरह के बीज बो रही है। मेरा मानना है कि भगवंत मान सिर्फ एक कठपुतली हैं। असली भूमिका केजरीवाल जी और सिसोदिया जी निभाते हैं। सीएम मान पर आरोप लगाते हुए जाखड़ ने कहा कि सजा और बंटवारे की चालों के तहत, वे गैंगस्टरों और बदमाशों को जेल से रिहा करवा रहे हैं। वे हत्यारों को आज़ाद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एलआईसी: 2,684 करोड़ रुपये के नुकसान के मामले में अनिल अंबानी समेत कई लोगों पर सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

नई दिल्ली। लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (LIC) से जुड़े 2,684.57 करोड़ रुपये के कथित निवेश फ्रॉड मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई ने एलआईसी की लिखित शिकायत के आधार पर रिलायंस कैपिटल लिमिटेड, कंपनी के पूर्व चेयरमैन अनिल डी. अंबानी, रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर सतीश सेठ, कुछ अज्ञात सरकारी अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



सीबीआई के मुताबिक, एलआईसी ने 2012 से 2018 के बीच रिलायंस कैपिटल की ओर से जारी किए गए नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर में कुल 3,900 करोड़ रुपये का निवेश किया था। शिकायत में निवेश के लिए दी गई जानकारी और बाद में फंड के कथित डायवर्जन को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एलआईसी के आरोप के अनुसार, 12 अप्रैल 2012 से 9 मार्च 2018 के बीच उसने रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की ओर से जारी पांच नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर खरीदे थे। इनकी कुल कीमत 3,900 करोड़ रुपये थी। ये NCD सामान्य कॉरपोरेट जरूरतों, फंडिंग और मौजूदा कर्ज के पुनर्वित्त यानी रिफाइनेंसिंग के लिए जारी किए गए थे। एलआईसी की शिकायत के आधार पर सीबीआई ने मामले में आपराधिक साजिश और फंड के कथित गलत इस्तेमाल समेत कई आरोपों की जांच शुरू की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने कथित तौर पर आपराधिक साजिश रचकर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक कदाचार, फंड के डायवर्जन या गबन और खातों में हेरफेर जैसे अपराध किए। आरोप है कि गलत जानकारी देकर एलआईसी को रिलायंस कैपिटल में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया और निवेश के बाद इन फंड्स को कथित तौर पर दूसरी जगह डायवर्ट किया गया। एलआईसी के अनुसार, इस पूरी प्रक्रिया से उसे 2,684.57 करोड़ रुपये का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# इंडिया-भूटान के बीच मजबूत हुई दोस्ती, 4000 करोड़ की ऋण सुविधा समेत इन मुद्दों पर बनी सहमति

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को भूटान की अपनी आधिकारिक यात्रा पूरी कर ली है। इस दौरान भारत और भूटान के बीच आपसी सहयोग से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने यात्रा पूरी होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, भूटान की एक सफल यात्रा पूरी हुई। हमारी दोस्ती के अनोखे रिश्तों की गर्माहट ने दिल छू जयशंकर बुधवार को भूटान की आधिकारिक यात्रा पर गए थे। उन्हें भूटान के विदेश और एक्सटर्नल व्यापार मंत्री ल्योंपो डी. एन. ढुंग्येल ने निमंत्रण दिया था। शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों ने भारत-भूटान की खास और कई क्षेत्रों वाली साझेदारी को मजबूत करने में हुई प्रगति का स्वागत किया।



संयुक्त बयान में कहा गया कि भारत और भूटान के बीच साझेदारी को भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाया जा रहा है। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय विकास सहयोग में हुई प्रगति की भी सराहना की। इस मौके पर जयशंकर ने भूटान के विकास लक्ष्यों और प्राथमिकताओं के लिए भारत का समर्थन जारी रखने की बात दोहराई। वहीं, भूटान ने अपनी 13वीं पंचवर्षीय योजना (2024-29) के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के लिए भारत से मिले समर्थन की सराहना की। जयशंकर ने गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी के लिए भूटान के राजा के विजन पर भारत का सहयोग जारी रखने की बात कही।

### जलविद्युत परियोजनाओं पर भी हुई चर्चा

जयशंकर और भूटान के विदेश मंत्री ढुंग्येल ने मार्च 2024 में हुए ऊर्जा साझेदारी के संयुक्त विजन को लागू करने में हुई प्रगति पर संतोष जताया। दोनों ने ऊर्जा क्षेत्र में हाल की प्रगति का भी जिक्र किया। इसमें 1020 मेगावाट की पुनातसांगचू-II जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन, इसके टैरिफ प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर और 1200 मेगावाट की पुनातसांगचू-I परियोजना के बांध निर्माण को फिर से शुरू करना शामिल है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पाकिस्तान में नमाज के दौरान आत्मघाती हमला, 21 मौतें: आतंकी विस्फोटक से भरी गाड़ी लेकर टकराया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में शुक्रवार की नमाज के दौरान मस्जिद के पास धमाका हुआ। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 80 लोग घायल हुए हैं।

धमाका इतना जोरदार था कि मस्जिद के बाहर का हिस्सा पूरी तरह टूट गया। धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि पुराने पुलिस लाइंस के गेट पर विस्फोटक से भरी एक गाड़ी टकराई थी। पाकिस्तान में जनवरी से अब तक 990 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इनमें 1,129 लोगों की मौत हो चुकी है।

### पुलिस 6 आतंकियों को मार गिराया

घटना के बाद पुलिस और हमलावरों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस के अनुसार, धमाके के बाद 7 आतंकियों ने पुलिस लाइंस



परिसर में घुसने की कोशिश की थी। 6 आतंकियों को मार गिराया गया है, जिनमें एक आत्मघाती हमलावर भी शामिल है। हमले की जिम्मेदारी इत्तेहाद-उल-मुजाहिदीन पाकिस्तान नाम के आतंकी गठबंधन ने ली है। यह संगठन पिछले साल बना था और इसमें पाकिस्तान के कई उग्रवादी गुट शामिल हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने घटना की पूरी रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना बेहद गलत है और इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने अधिकारियों को घायलों का तुरंत इलाज कराने के निर्देश दिए। अफरीदी ने कहा, आतंकियों की ऐसी हरकतों से देश का हौसला नहीं टूटेगा।

### पाकिस्तान में इस साल 990 आतंकी हमले, 1000 से ज्यादा मौतें

पाकिस्तान में इस साल आतंकी घटनाओं में तेजी आई है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज के मुताबिक, जनवरी से अगस्त 2026 तक पूरे पाकिस्तान में 990 मिलिटेंट हमले दर्ज किए गए। इनमें 1126 लोगों की जान चली गई। अगस्त में सबसे ज्यादा 199, जबकि जुलाई में 144 हमले दर्ज किए गए थे। यानी एक महीने में 38 प्रतिशत बढ़ोतरी।

# आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20वें रोजगार मेले में युवाओं से होंगे रुबरू, रायपुर में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू करेंगे नियुक्ति पत्र वितरण

रायपुर, (दावा)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 19 सितंबर 2026 को दोपहर 12.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 20वें रोजगार मेले से जुड़ेंगे। इस अवसर पर वे देशभर के विभिन्न सरकारी विभागों एवं संगठनों में नव नियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे तथा चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करेंगे।



रायपुर में 20वें रोजगार मेले का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, साइंस कॉलेज परिसर, जी.ई. रोड में किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से 125 अभ्यर्थी प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहेंगे। इनमें आयकर विभाग, डाक विभाग, रेलवे, सर्वे ऑफ इंडिया, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र तथा एम्स रायपुर से संबंधित नव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हाईकोर्ट से धोखाधड़ी का केस निरस्त, अब बसंतपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

○ 2021 में पुलिस ने जिस भूमि विवाद को माना था सिविल मामला, उसी पर 2024 में दर्ज कर दी एफआईआर
○ निर्दोष कृषक को भेजा गया था जेल; पीड़ित हरिशंकर झारराय व अधिवक्ता ने पत्रकार वार्ता में की दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग



राजनांदगांव (दावा)। जमीन सौदे से जुड़े एक मामले में उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा आपराधिक प्रकरण (क्र. 539/24) निरस्त किए जाने के बाद अब स्थानीय पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। पीड़ित कृषक हरिशंकर झारराय और उनके अधिवक्ता ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर आरोप लगाया कि जिस भूमि विवाद को पुलिस ने पूर्व में सिविल प्रकृति का मानकर हस्तक्षेप से इनकार कर दिया था, उसी मामले में दबावपूर्वक दोबारा आपराधिक केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। पीड़ित पक्ष ने मामले में शामिल जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच और उन पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

### 2012 में 9 एकड़ जमीन का हुआ था इकरारनामा

पत्रकार वार्ता में पीड़ित हरिशंकर झारराय, उनके भाई दादूलाल झारराय और अधिवक्ता ने बताया कि जनवरी 2012 में क्रेता इन्द्रकुमार अंदानी ने विक्रेताओं के साथ करीब 9 एकड़ कृषि भूमि का इकरारनामा किया था। तय समय-सीमा बीत जाने के बाद भी क्रेता ने रजिस्ट्री नहीं कराई। इसके बाद 27 सितंबर 2016 को अधिवक्ता के जरिए 15 दिनों का विधिक नोटिस भी भेजा गया, लेकिन क्रेता की ओर से न तो कोई जवाब दिया गया और न ही रजिस्ट्री कराई गई।

### 2021 में पुलिस ने जांच के बाद नस्तीबद्ध किया था मामला

पीड़ित पक्ष के अनुसार, सितंबर 2021 में क्रेता इन्द्रकुमार अंदानी ने एएसपी कार्यालय में 2 करोड़ 2 लाख रुपये के लेन-देन का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। थाना बसंतपुर पुलिस ने जांच के बाद इसे पूरी तरह सिविल प्रकृति का विवाद पाया और पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य मानते हुए 14 अक्टूबर 2021 को कार्रवाई समाप्त करने की लिखित जानकारी शिकायतकर्ता को दे दी थी।

### 2024 में दर्ज हुई एफआईआर, पीडित को भेजा गया जेल

आरोप है कि पुराने तथ्य होने के बावजूद 16 दिसंबर 2024 को उसी विवाद पर थाना बसंतपुर में धारा 420 एवं 120-बी के तहत अपराध क्रमांक 539/24 दर्ज कर लिया गया। इसके बाद आनन-फानन में कृषक हरिशंकर झारराय को 18 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### हाईकोर्ट ने रद्द की एफआईआर

गिरफ्तारी के बाद पीड़ित ने उच्च न्यायालय बिलासपुर की शरण ली। हाईकोर्ट ने 5 फरवरी 2025 को याचिकाकर्ता को जमानत दी और 27 फरवरी 2025 को प्रकरण की आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी। विस्तृत सुनवाई और दस्तावेजों के परीक्षण के उपरांत हाईकोर्ट ने 8 मई 2026 को इस पूरे आपराधिक प्रकरण को निरस्त कर दिया।

### दोषी पुलिस अधिकारियों पर हो सख्त कार्रवाई

पीड़ित कृषक और अधिवक्ता ने सवाल उठाया कि जब 2021 में पुलिस खुद इस मामले को सिविल विवाद बता चुकी थी, तो 2024 में बिना किसी नए तथ्य के आपराधिक केस दर्ज करने और जेल भेजने का आधार क्या था? उन्होंने कहा कि यह कानून की प्रक्रिया का सीधा दुरुपयोग और एकपक्षीय कार्रवाई है। पीड़ित पक्ष ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि एफआईआर दर्ज करने से लेकर जेल भेजने तक की प्रक्रिया में संलिप्त अधिकारियों की भूमिका की जांच हो और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ विभागीय व दंडात्मक कानूनी कार्रवाई की जाए।

## लखोली में सेवा संकल्प अभियान तहत सभी बूथों में जले आशीर्वाद के दीप



प्रधानमंत्री मोदी जी के अटूट संकल्प सेवा कार्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर के आतिथ्य में हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के लखोली वार्ड नंबर 32 के अंतर्गत आने वाले मोहल्ले राहुल नगर, विकास नगर एवं राजीव नगर के कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जगह-जगह आशीर्वाद के दीप जलाए। मुख्य कार्यक्रम विकास नगर के शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां पार्षद निर्मलकर के निर्देशन एवं बूथ के नवनियुक्त अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, विनोद कश्यप के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं वार्ड के प्रबुद्धजनों ने आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु जीवन एवं राष्ट्र हित के लिए निरंतर सेवा कार्य करने की कामना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अर्जुन लाल जायसवाल, उर्दू अकादमी बोर्ड के पूर्व चेयरमैन अकरम कुरैशी, अशोक डागा, मिथिलेश्वरी वैष्णव, देवेन्द्र मिरानी, सूर्यकांत गुप्ता, कन्हैया लाल सिन्हा, भागवत प्रसाद शिवारे, अभिषेक मिश्रा, संतोष निर्मलकर, रामअवतार साहू, पालेश्वर वैष्णव, प्रियंक यदु, विनोद कश्यप, शत्रुघ्न लाल साहू, नरेश पाल, संतोष गुप्ता, भूमिका साहू, जान्हवी निर्मलकर एवं तरुण निर्मलकर आदि नागरिकों की उपस्थिति रही।

## समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालय सामर्थ्य हुआ रोशन



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बौद्धिक मंदता वाले बालक बालिकाओं के विशेष विद्यालय सामर्थ्य में उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार के नेतृत्व में सेवा संकल्प माह अंतर्गत प्रथम दिवस 17 सितंबर 2026 दिन गुरुवार को संस्था प्रांगण में सैकड़ों दीप प्रज्वलित कर भारत की खुशहाली के लिए आशीर्वाद का दीप जलाया गया। दीप प्रज्वलन उपरांत समाज कल्याण विभाग के प्रमुख कलाकार बीरसिंह साहू द्वारा नशामुक्त भारत अभियान एवं अभ्युदय योजना का वाचन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के दिव्यांग बालकों सहित विभाग के शिक्षक श्रीमती सुभाषिनी कोमपेला, श्रीमती दीप्ती देवांगन, महेंद्र सोनवानी, प्रमिला ठाकुर, सुनील चुरेंद्र, मीना चंद्रवंशी शांति, पंचवटी, नानक दिवाकर, जूही, पन्ना सुमित आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय के प्रभारी अधीक्षक बालकृष्ण बघेल द्वारा दिया गया।

## अवैध शराब बिक्री कर रहा आरोपी 12 पौवा के साथ गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले आरोपी को गिरफतार किया है। पुलिस ने उसके पास से 12 पौवा देशी व अंग्रेजी शराब जब्त की है कि उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के अलावा पृथक से की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

तुमड़ीबोड चौकी प्रभारी धनीराम नारंगे ने बताया कि आरोपी - केजुराम उईके पिता महगुराम उईके, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम नाथूनवागांव अवैध शराब की बिक्री कर रहा था। मुखबीर द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में ग्राम नाथूनवागांव तालाब पार के पास उक्त व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने पर है पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर उसके खिलाफ विधिवत कार्रवाई की गई और आरोपी केजुराम के कब्जे से 05 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब एवं 07 पौवा देशी प्लेन शराब, कुल 12 पौवा (कुल मात्रा 2.160 बल्क लीटर), अनुमानित कीमत 1,160 एवं शराब ब्रिक्री का नगदी रकम 660 रुपये जप्त किया गया।

### आरोपी के खिलाफ अलग से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

चौकी चिखली नारंगे ने बताया कि आरोपी केजुराम उईके के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया और क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आरोपी के विरुद्ध पृथक से धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## कानफोड़ू डीजे, अश्लील गानों पर रोक और मूर्तियों के स-सम्मान विसर्जन हेतु स्वदेशी जागरण मंच ने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी की धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच- जिला इकाई द्वारा 16 सितंबर को पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा व नगर निगम आयुक्त जी आर मरकाम से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया है।

○ एसपी सुश्री अंकिता शर्मा व आयुक्त मरकाम से मिले मंच के पदाधिकारी

स्वदेशी जागरण मंच ने अपने ज्ञापन में शहर में बजने वाले कानफोड़ू डीजे और विशेषकर धार्मिक आयोजनों में बजाए जा रहे अश्लील एवं द्विअर्थी गानों पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है और स्पष्ट किया कि इस तरह के कृत्य सीधे तौर पर हमारी संस्कृति और देवी-देवताओं का घोर अपमान हैं।

मंच द्वारा कहा गया है कि संस्कारधानी जैसे पवित्र शहर में इस प्रकार की फूहड़ता और ध्वनि प्रदूषण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, मंच ने भगवान गणेश और आगामी दुर्गा उत्सव के दौरान स्थापित होने वाली माता दुर्गा की मूर्तियों के ससम्मान विसर्जन की उचित व्यवस्था करने की भी मांग की है।

ज्ञापन में निगम प्रशासन से विशेष आग्रह किया गया है कि विसर्जन कुंडों और घाटों पर ऐसी सुदृढ़ व्यवस्था की जाए जिससे मूर्तियों का अपमान न हो और पूर्ण हिंदू रीति-रिवाजों एवं सम्मान के साथ विसर्जन की प्रक्रिया संपन्न हो। उक्ताधिकारियो को ज्ञापन सौंपते वक्त स्वदेशी जागरण मंच के राजकुमार शर्मा, अनिमेष राय, अखिलेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र पाल सिंह भाटिया, भावेश अग्रवाल, मोना गोसाई, श्रीमती ऋतु, अतुल रायजादा, श्रीमती पंपा सिन्हा, श्रीमती सुशीला देवांगन और श्रीमती विम्मी अखिलेश श्रीवास्तव सहित अन्य कई उत्साही कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्र दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत 3 विद्यार्थियों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर पालकों को एक-एक लाख रूपए की दी गई आर्थिक सहायता



राजनांदगांव (दावा)। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने छात्र दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत जिले के 3 विद्यार्थियों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर पालकों को आर्थिक सहयोग राशि के रूप में एक-एक लाख रूपए का चेक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि छुरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला घुपसाल के कक्षा दूसरी में अध्ययनरत छात्रा दामिनी तारम की तालाब के पानी में डुबने के कारण मृत्यु होने पर, शासकीय प्राथमिक शाला कल्याणपुर के कक्षा दूसरी में अध्ययनरत छात्र खिलेन्द्र सेन की पानी में डुबने के कारण मृत्यु होने पर एवं शासकीय प्राथमिक शाला बिजेपार के कक्षा तीसरी के छात्र प्रभात कुमार अरकरा की ट्रेक्टर पलटने के कारण मृत्यु हो गई थी।

## नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ का अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

0 हाथ पकड़कर जबरन मोबाइल नंबर देने और पीछा करने का आरोप

0 लखोली क्षेत्र में वारदात को अंजाम देकर फरार हुआ था यूपी का आरोपी, साइबर सेल की मदद से पकड़ाया



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने वाले अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी नाबालिग का पीछा कर बुरी नीयत से हाथ पकड़कर मोबाइल नंबर देने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी अमित वर्मा द्वारा 2 अगस्त 2026 की शाम करीब 6 बजे जनता कॉलोनी गार्डन (लखोली) के पास उसकी नाबालिग पुत्री का पीछा किया गया। आरोपी ने कागज के टुकड़े पर लिखा अपना मोबाइल नंबर देने की नीयत से नाबालिग का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 435/26 के तहत बीएनएस की धारा 74, 78, 249, 351(3) एवं 7, 8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने साइबर सेल की तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपी अमित कुमार संखवार (पिता राम अवतार संखवार, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम गड़रिया, थाना जशपुरा, जिला बांदा, उत्तर प्रदेश) को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 17 सितंबर को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## 76 वें जन्मदिन पर 77 सौ दीपों की स्वर्णिम आभा से नहाया बसंतपुर



राजनांदगांव (दावा)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वें जन्मदिवस के ऐतिहासिक अवसर पर संस्कारधानी का नई गंज मंडी, बसंतपुर परिसर दीपों के अद्भुत प्रकाशोत्सव का साक्षी बना। 76वें वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं व आमजन ने एक साथ मिलकर 7,700 दीप प्रज्वलित किए, जिससे पूरा मंडी परिसर जगमगा उठा। यह भव्य आयोजन जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के निर्देश एवं कार्यक्रम संयोजक व पूर्व महापौर मधुसूदन यादव के आह्वान पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ ही भव्य आतिशबाजी से आसमान गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक ''हर हर मोदी'' के नारों के बीच एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर प्रधानमंत्री के शतायु होने और देश के निरंतर विकास की मंगल कामना की। किसान मोर्चा, नगर निगम क्षेत्र और राजनांदगांव विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मंडी कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की भव्यता में वार्ड पार्षद हेमंत शेखर यादव, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, जिला मंत्री गोपी प्रसाद देशमुख, किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी सतीश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी रमेश सोनवानी, प्रवक्ता महेश साहू प्रकल्प प्रभारी एस.के. सिंह, ओ.पी. सिंह, दक्षिण मंडल अध्यक्ष फागूराम साहू, मंडल महामंत्री परशुराम प्रजापति, संजय चौरसिया, मंडी सचिव व कर्मचारी गण, महिला मोर्चा की मातृशक्ति और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।


### निर्वाचन के दौरान अधिग्रहित निजी वाहनों के वाहन मालिकों को 5 अक्टूबर तक दस्तावेज जमा करने कहा गया

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा निर्वाचन-2023 एवं लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान अधिग्रहित निजी वाहनों के ऐसे वाहन मालिक, जिन्हें अब तक वाहन किराया राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें 5 अक्टूबर 2026 तक जिला निर्वाचन कार्यालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 27 में आवश्यक दस्तावेज जमा करने कहा गया है। वाहन मालिकों को वाहन किराया राशि का भुगतान हेतु वाहन की आरसी बुक, पैन कार्ड, बैंक पासबुक एवं वाहन अधिग्रहण आदेश की प्रति के साथ कार्यालय में उपस्थित होने कहा गया है।

### सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय बौद्धिक मंदता वाले बालक-बालिकाओं के विशेष विद्यालय सहित अनुदान प्राप्त दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण-प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थाएं- अभिलाषा, आस्था, मनोकामना, भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम राजनांदगांव, जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभांठा डोंगरगढ़, समता जन कल्याण समिति राजनांदगांव में बड़ी संख्या में आशीर्वाद का दीया प्रज्जवलित किया गया। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 18 सितम्बर एवं 19 सितम्बर 2026 को अनुदानित शैक्षणिक संस्थाओं में विकसित भारत संकल्प एवं 25 वर्षों के सेवा कार्य विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

## आरक्षण बचाओ रैली में एकजुट होकर अधिकारों की आवाज बुलंद करने बौद्ध कल्याण समिति की अपील



राजनांदगांव (दावा)। कल 20 सितंबर को रायपुर में आयोजित होने वाली आरक्षण बचाओ रैली को लेकर बौद्ध कल्याण समिति ने समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर अपनी मांगों और अधिकारों की आवाज बुलंद करने की अपील की है। रैली में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग सहित Gen-Z युवा-युवतियों की भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है।

बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष राजू बारमाटे ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के समक्ष सामाजिक न्याय और आरक्षण से जुड़े प्रमुख मुद्दों को मजबूती से रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने निम्न मांगों को प्रमुखता से उठाने की बात कही - 1. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण दिया जाए। 2. आरक्षण से वंचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों की जाति प्रमाण पत्र संबंधी समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। 3. पदोन्नति में आरक्षण को शीघ्र लागू किया जाए। 4. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को जातीय उत्पीड़न एवं भेदभाव से संरक्षण प्रदान करने के लिए महाविद्यालयों में यूजीसी के संबंधित प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

राजू बारमाटे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जाति प्रमाण पत्र की समस्या लंबे समय से अनेक लोगों के लिए महत्वपूर्ण विषय बनी हुई है। इसलिए आरक्षण बचाओ रैली के साथ जाति प्रमाण पत्र के मुद्दे को भी प्रमुखता से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि इस समस्या के समाधान के लिए सामूहिक रूप से आवाज उठाई जा सके।

उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोग शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से एकजुट होकर अपने अधिकारों और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को सामने रखें। उन्होंने युवा-युवतियों से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों और अवसरों को सुरक्षित रखने के लिए इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी करें।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पीर मोहम्मद पिता शेख शेरू, वर्तमान निवासी वार्ड नं. 07 सेवतापारा डोंगरगांव तह. डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ मेरे पुत्र का पुराना नाम मोहम्मद मुजाहिद कुरैशी (MOHAMMAD MUJAHID QURAISHI) पिता पीर मोहम्मद से बदलकर नया नाम मोहम्मद मुजाहिद (MOHAMMAD MUJAHID) कर लिया हूँ। अत: भविष्य में मेरे पुत्र को मोहम्मद मुजाहिद (MOHAMMAD MUJAHID) के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए व समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे। जिस संबंध में छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। सूचना जाने।

पीर मोहम्मद
निवासी वार्ड नं. 07 सेवतापारा डोंगरगांव तह. डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पीर मोहम्मद पिता शेख शेरू, वर्तमान निवासी वार्ड नं. 07 सेवतापारा डोंगरगांव तह. डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ मेरे पुत्री का पुराना नाम फिरदौस जंहा कुरैशी (FIRDAUS JANHA QURAISHI) पिता पीर मोहम्मद से बदलकर नया नाम फिरदौस जहाँ (FIRDOUS JAHAN) कर लिया हूँ। अत: भविष्य में मेरी पुत्री को फिरदौस जहाँ (FIRDOUS JAHAN) के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए व समस्त शासकीय /अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे। जिस संबंध में छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। सूचना जाने।

पीर मोहम्मद
निवासी वार्ड नं. 07 सेवतापारा, डोंगरगांव तह. डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जागृति भोजानी पति श्री सुनील कुमार भोजानी निवासी पुराना सिविल लाइन, स्टेशन रोड, राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम कौरिनभांठा प.ह.नं. 38 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि तीन खसरों का संपूर्ण रकबा 98/11 खसरें में दर्ज हो जाने से पुनः तीनों खसरों 96/5, 98/11 में रकबा विभाजित कर दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 23/09/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायलयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 18/09/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 18/09/2026
पेशी दिनांक :- 23/09/2026

**तहसीलदार, राजनांदगांव**


### शुभांक

अनुमानित

बी. के.
1-6-8
700-7 238-3
राजधानी
4-7-9
399-1 790-6

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक




dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय:- 12:00, 03:00 06:00 व रात 09:00 बजे
हनुमान अंश


टिकट दर बालकनी 100/-
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# जर्जर सड़कों का निरीक्षण करने के बाद शहर कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट घेरा, सौंपा ज्ञापन





राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव की सड़कें विकास के दावों की हकीकत बयां कर रही हैं। शहर की जनता गड्ढों में चलने को मजबूर है और जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदकर बैठे हैं। गणेश विसर्जन झांकी से पहले यदि सड़कें नहीं सुधारी गईं, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर शासन-प्रशासन से जवाब मांगेगी।÷ यह बात शहर की जर्जर सड़कों का निरीक्षण करने के बाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने शुक्रवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद कही।

उन्होंने कहा कि शहर की अधिकांश सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी डामर की परत नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। खराब सड़कों के कारण धूल का गुबार उठ रहा है। बारिश का मौसम समाप्ति की ओर है, लेकिन सड़कों की मरम्मत को लेकर प्रशासन की गंभीरता नजर नहीं आ रही है। पर्व-त्योहारों का क्रम शुरू हो चुका है और गणेश विसर्जन झांकी जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान खराब सड़कों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

मुदलियार ने कहा कि शहर के विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन तक की सुविधा नहीं मिल रही है। एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और प्रधानमंत्री सड़क योजना, मुख?यमंत्री सड़क योजना के अधीन आने वाली सड़कों की स्थिति लंबे समय से खराब है। सेतु निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले पुलों पर भी गड्ढे बने हुए हैं। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में गणेश विसर्जन झांकी से पहले सभी प्रमुख सड़कों और झांकी मार्गों की तत्काल मरम्मत तथा पैचवर्क पूरा कराने की मांग की। इसके साथ ही शहर की अन्य क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत 10 दिनों के भीतर कराने का की मांग रखी है। ज्ञापन में एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के अंतर्गत आने वाली सड़कों का निरीक्षण कर मरम्मत की स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की किए जाने की मांग रखी गई है। इसी तरह झांकी मार्गों की तत्काल मरम्मत कराने, सड़क सुधार कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों की जवाबदेही तय किए जाने की बात कही गई।

**0 गणेश विसर्जन झांकी से पहले सड़क सुधार की मांग**
**0 सड़कों के गड्ढों में धंस गया विकास का दावा, 10 दिन में सुधार नहीं तो विधायक कार्यालय घेरेंगे - जितेंद्र मुदलियार**

### विधायक कार्यालय घेराव की चेतावनी

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि कांग्रेस ने प्रशासन को सड़क सुधार के लिए 10 दिनों की समय-सीमा तय करने का आग्रह किया है। यदि इस अवधि में सड़क सुधार कार्य पूरे नहीं किए गए, तो शहर जिला कांग्रेस कमेटी जनहित में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। जरूरत पड़ने पर स्थानीय विधायक डा. रमन सिंह के कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कें सुधरने तक कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आवाज उठाती रहेगी।

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने और शहरवासियों को राहत देने की मांग की है। इस दौरान प्रवीण मेश्राम, रूपेश दुबे, राकेश जोशी, इकरामुद्दीन सोलंकी, लक्ष्मण साहू, चेतन भानुशाली ,झम्मन देवांगन, मामराज अग्रवाल, अमित खंडेलवाल, भरत सोनी, रमेश पांडेय, महेंद्र बहादुर सिंह, वीरेन्द्र चंद्राकर ,अशोक पंजवानी, ललित मरकाम, शरद खंडेलवाल, आशीष साहू, प्रदीप राठौर, राजा तिवारी, नरेश साहू, ऋषि शास्त्री, गोलू नायक, रितेश गोलू महानंद, निश्चय बुराडे, बसंत चितलांग्या, ललित कुमरे, मनीष यादव, शुभम पाण्डेय, सुरेंद्र देवांगन, अमित कुशवाहा, जय जायसवाल, राहुल मरकाम, हिमालय बाडे, नंदकुमार साहू, आसिफ शेख, मुस्तफा जोया, छन्नू सेवता, राजकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# सांसद संतोष पाण्डेय ने दिशा समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा की



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जिले में संचालित विकास कार्यों एवं नवाचारों के क्रियान्वयन तथा प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा, जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि दिशा समिति की बैठक जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय का महत्वपूर्ण माध्यम है। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विषयों में अतिरिक्त जानकारी एवं आंकड़ों की आवश्यकता है, उनकी जानकारी समिति के सदस्यों को समय-सीमा में उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विषयों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद श्री पाण्डेय ने युवाओं को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने तथा रोजगार एवं कौशल विकास से जुड़े विषयों पर आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने वन क्षेत्र से होकर गुजरने वाली सड़कों से संबंधित विषयों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर व्यावहारिक समाधान तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुविधा के अभाव में ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, ऐसे में आवश्यक अनुमति एवं वैकल्पिक माध्यमों से सड़क निर्माण एवं मरम्मत की दिशा में कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समन्वय और सक्रिय सहभागिता से जिले के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

**० सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक संपन्न**
**० जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों पर समय-सीमा में जानकारी उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के लिए चिन्हांकित गर्भवती माताओं का पात्रतानुसार श्रमिक विभाग में भी पंजीयन कराया जा रहा है, ताकि उन्हें दोनों योजनाओं का लाभ मिल सके। जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के अंतर्गत 4 हजार 194 महिलाएं पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 971 खाते खोले गए हैं। दिव्यांगजनों के लिए पृथक कार्ड बनाकर उन्हें मेट के रूप में कार्य उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उन्हें गांव में ही रोजगार के अवसर मिल सकें। कलेक्टर ने बताया कि पिछले वर्ष धान खरीदी से वंचित वन अधिकार पट्टाधारी एवं संस्थागत किसानों का चिन्हांकन किया गया है। कुल 379 चिन्हांकित किसानों में से 333 किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराया जा चुका है तथा शेष किसानों का शीघ्र पंजीयन कराया जाएगा। उन्होंने गिरदावरी के दौरान किसानों के रकबे एवं अभिलेखों का विशेष परीक्षण करने तथा धान खरीदी से संबंधित समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते हुए पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाने तथा जिन किसानों की राशि किसी कारण से लंबित है, उनके प्रकरणों का कारणवार परीक्षण कर निराकरण करने की जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के शेष आवासों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में गर्भवती माताओं के पंजीयन एवं संस्थागत प्रसव की नियमित निगरानी की जा रही है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को आवश्यकता अनुसार निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निजी क्षेत्र के स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों में सेवाएं दी जा रही हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान एवं आयुष्मान वय वंदना योजना से शेष पात्र लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में अभियान संचालित किया जा रहा है तथा टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने के लिए निजी संस्थाओं एवं सीएसआर के माध्यम से सहयोग लिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत मेडिकल कॉलेज में चालू वित्तीय वर्ष में 2 हजार से अधिक निःशुल्क डायलिसिस सत्र आयोजित किए जा चुके हैं। आगामी समय में ब्लॉक स्तर तक डायलिसिस सुविधा के विस्तार का प्रयास किया जाएगा। बैठक में समिति सदस्य जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अग्र महाकुंभ में राजनांदगांव की 35 सदस्यीय टीम



राजनांदगांव (दावा)। अंबिकापुर में 19 एवं 20 सितंबर को आयोजित होने वाले तृतीय अग्र महाकुंभ-2026 प्रांतीय अधिवेशन एवं दशम अग्र अलंकरण समारोह में शामिल होने के लिए राजनांदगांव से अग्रवाल समाज की 35 सदस्यीय टीम सहभागी होगी। समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विमल अग्रवाल, जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं जिला महामंत्री आलोक बिंदल के साथ समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य अंबिकापुर पहुंचकर आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे।

राजनांदगांव से जा रही टीम को लेकर समाजजनों में उत्साह है। दो दिवसीय आयोजन में प्रदेशभर से अग्रबंधुओं के जुटने के साथ सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती और समाज की भावी दिशा को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। राजनांदगांव की टीम भी इन सत्रों में शामिल होकर समाज के विकास एवं संगठन से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करेगी। अग्र महाकुंभ के दौरान युवा, महिला एवं खुले सत्र सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। युवा सत्र में नई पीढ़ी के नेतृत्व, सामाजिक जिम्मेदारी, लक्ष्य निर्धारण और सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर चर्चा होगी। वहीं महिलाओं की सामाजिक भूमिका और समकालीन विषयों पर महिला सत्र में विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजन के दूसरे दिन योग सत्र के बाद खुले सत्र का आयोजन होगा। इसके पश्चात दशम अग्र अलंकरण समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 18 प्रतिभाओं एवं विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। राजनांदगांव जिला अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि अंबिकापुर में होने वाला यह आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने और आपसी संवाद को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा। राजनांदगांव से 35 सदस्यों की सहभागिता इसी सामाजिक एकजुटता की दिशा में महत्वपूर्ण भागीदारी होगी।

# जल जीवन मिशन के ठेकेदारों का तीन साल से भुगतान अटका

## पीएचई डी-कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन के विभिन्न कार्यों का भुगतान पिछले करीब तीन वर्षों से लंबित होने का मामला सामने आया है। जिला पीएचई डी-कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन ने लंबित रनिंग बिलों एवं अन्य भुगतानों का शीघ्र निराकरण कराने की मांग को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा है।

**बैंक ऋण, मजदूरी और सामग्री भुगतान का बढ़ा दबाव**

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अशोक पंजवानी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ठेकेदारों ने जल जीवन मिशन के तहत विभागीय निर्देशों तथा अनुबंध में निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुरूप कार्य पूर्ण किए हैं। इसके बावजूद विभिन्न कार्यों और रनिंग बिलों का भुगतान लंबे समय से लंबित है।


एसोसिएशन का कहना है कि भुगतान अटकने से ठेकेदारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। बैंक ऋण की किश्तों के साथ मजदूरों, सामग्री आपूर्तिकर्ताओं तथा मशीनरी से जुड़े खर्चों का भुगतान करना लगातार मुश्किल हो रहा है।

ठेकेदारों ने बताया कि लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण कई ठेकेदार आर्थिक दबाव में हैं। इसका असर उनके परिवारों पर भी पड़ रहा है। एसोसिएशन ने कहा कि जिन कार्यों को अनुबंध के अनुसार पूरा किया जा चुका है, उनका भुगतान बिना अनावश्यक विलंब के किया जाना चाहिए। ज्ञापन में रनिंग बिलों के अलावा एकल ग्राम के पूर्ण कार्यों, रिक्रूटिंग/रिकॉर्डिंग में दर्ज कार्यों तथा मल्टी विलेज योजनाओं के लंबित भुगतानों का अनुबंध के अनुसार शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई है।

एसोसिएशन ने यह भी मांग की कि विभाग और ठेकेदारों के बीच हुए अनुबंध में निर्धारित नियम एवं शर्तों के आधार पर ही भुगतान प्रक्रिया पूरी की जाए। कार्य पूर्ण होने के बाद लागू किए गए अथवा बाद में अलग से लगाए गए अतिरिक्त नियमों के कारण यदि भुगतान लंबित है तो ऐसे नियमों को शिथिल अथवा पुनर्विचारित किया जाए।

ठेकेदारों का कहना है कि तीन वर्षों से भुगतान लंबित रहने के कारण कार्यों से जुड़ी वित्तीय व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर लंबित भुगतानों का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष राकेश जोशी, वरिष्ठ ठेकेदार निलेश श्रीवास्तव, नितिन भाटी, संतोष मीणा, दीपक शर्मा, सारांश आजमानी, वैभव शुक्ला, अमर ज्वाला, अतुल अग्रवाल, शैलेंद्र जयसवाल आदि उपस्थित थे।

# पहले दुनिया देखो फिर कदम बढ़ाओं - मुनि समयप्रभ जी



राजनांदगाव (दावा)। खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य समयप्रभ सागर जी ने कहा कि पहले दुनिया देख लो फिर आगे कदम बढ़ाओं। दुनिया को जाने बिना कदम बढ़ाने से आप धोखा ही खाओगे। उन्होंने कहा कि झूठ बोलोगे तभी तो झूठ पकड़ा जाएगा। इसी तरह दुनिया को जानने के लिए अध्ययन जरूरी है। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री समयप्रभ सागर जी ने फरमाया कि दुनिया को जानने के लिए आपको बुढ़ापे से मित्रता करनी होगी, बच्चों जैसा जिज्ञासु बनना होगा और युवाओं जैसे कर्मशील होना होगा। वेदों का ज्ञाता मृत्यु से भय नहीं खाता। अगर आपकी मृत्यु से मित्रता होगी तो आपको कोई भय नहीं रहेगा। मुनि श्री ने आगे फरमाया कि पेड़ की शाखाएं यदि टूट जाती है तो वह पेड़ केवल ठूँठ बनकर रह जाता है। इसी तरह परिवार से बच्चे चले गए तो वह परिवार टूट जाता है। वेद का अर्थ है जानना, वेद का अर्थ है ज्ञान। उन्होंने कहा कि जब तक हम आत्मस्पर्श करना नहीं सीखेंगे तब तक हमें किसी भी चीज का अनुभव नहीं होगा और हमें उसे संबंध में ज्ञान नहीं मिल पायेगा। हम किसी के बारे में नहीं जान सकेंगे इसलिए आत्मस्पर्श जरूरी है। यदि हमने आत्मस्पर्श करना सीख लिया तो फिर पुण्य हमारे हाथ में है।

# अहिंसा प्रवेश द्वार पर आशीर्वाद का दीप हर्षोल्लास के साथ प्रज्जवलित हुआ



राजनांदगांव (दावा)। 17 सितम्बर 2026 को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर गंज लाईन स्थित अहिंसा प्रवेश द्वार पर लगभग 500 दीयों से आशीर्वाद का दीप हैप्पी बर्थ डे पी.एम.जी. लिखकर प्रज्जवलित किया गया। दीप प्रज्जवलन की इस कड़ी के अंतर्गत पुराना बस स्टैड स्थित गांधी स्मारक, तिलक वार्ड क्र. 27 के आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन, कमल टाकीज चौक के पास अशोक स्तंभ तथा कालीमांई मंदिर के प्रांगण में मुख्य अतिथि खूबचंद पारख एवं राजेश अग्रवाल के आतिथ्य में दीप प्रज्जवलित किया गया।

इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा, शक्ति केंद्र क्र. 3 के प्रभारी योगेश बागड़ी, संयोजक दामू भूतड़ा, राजेश जैन रानू चेयरमेन न.पा.नि., राजेश भोईर अध्यक्ष शहर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा दक्षिण मंडल, राहुल सोनपिपरे महामंत्री,शहर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा दक्षिण मंडल, अनिल जैन, मीनू (सुधीर) जैन, दक्षिण मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती मधु बैद, ज्योति सहारे उपाध्यक्ष शहर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा दक्षिण मंडल, एल्डरमेन मंजू यादव वार्ड क्र. 26 पार्षद, झमित नादान सेन, अर्चना श्रीवास्तव, अनिता सिंह, वार्डवासी एवं भाजपा कार्यकर्तागण बहुतायत संख्या में उपस्थित रहे। अहिंसा प्रवेश द्वार के सजावट की व्यवस्था राहुल सोनपिपरे एवं उनके सहयोगी अनिल जैन, मीनू जैन द्वारा हैप्पी बर्थ डे पीएम जी लिखकर की गई।

# गांधी प्रतिमा व शहीद संदीप यादव की प्रतिमा में भी जले आशीर्वाद दीप

राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन भाजपा महिला मोर्चा द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में आशीर्वाद दीप प्रज्वलन कर धूमधाम के साथ मनाया।

गंज चौक स्थित अहिंसा प्रवेश द्वार में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख व पार्षद रानू जैन, पूर्व पार्षद विजय राय, दामू भूतड़ा, अरुण दामले, नादान सेन आदि की उपस्थिति में महिला मोर्चा की श्रीमती मधु बैद, केंवरा यादव, मंजू यादव, दिशा-नादान सेन, तुलसा वांदिले, अनिता सिंह, अर्चना, प्रतिभा खंडेलवाल, गीता साहू, ज्योति सहारे, मीना यादव, ज्योति यादव ,सरिता साहू ने मोदी जी के जन्म दिन 17 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान के रुप में मनाते हुए अहिंसा प्रवेश द्वार पर शाम के समय बड़ी संख्या में आशीर्वाद दीए जलाए और मोदी जी की दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें उनके 76 वे ज़न्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### महात्मा गांधी प्रतिमा आशीर्वाद दीयों से हुई रौशन

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा गंज चौक स्थित अहिंसा द्वार के साथ-साथ मोदी जी के जन्म दिन पर पुराना बस स्टैंड स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदम कद प्रतिमा के समक्ष भी आशीर्वाद दीप का प्रज्जवलन किया और 'रघुपति राघव राजाराम' के भजन गाए। इसी तरह हाटबाजार स्थित शहीद संदीप यादव की प्रतिमा के समीप बड़ी संख्या में आशीर्वाद दीए जलाकर मोदी जी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया और मोदी जी के हाथों देश की प्रगति उन्नति होते हुए विकसित भारत निर्माण की कामना की।

# नगर निगम गणेश उत्सव प्रतियोगिता : आवेदन की 22 सितम्बर अंतिम तिथि

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा शहर की सांस्कृतिक परंपरा में अग्रणी गणेश उत्सव पर विसर्जन झांकी एवं सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व वर्षो की परंपरानुसार किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 22 सितम्बर मंगलवार निर्धारित की गई है।

महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने बताया कि नगर निगम द्वारा परंपरानुसार इस वर्ष भी गणेश पर्व प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी तथा सहभागिता के लिए आवेदन जमा करने नगर निगम के अधीक्षक कार्यालय में अंतिम तिथि 22 सितम्बर मंगलवार शाम 05:00 बजे तक निर्धारित की गई है।

प्रतियोगिता के संबंध में महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि नगर निगम द्वारा विसर्जन झांकी प्रतियोगिता दो वर्गो सीनियर व जूनियर वर्ग में आयोजित की जायेगी,जबकि सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा प्रतियोगिता खुले वर्ग में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी समिति आवेदन पत्र में प्रतिभागी वर्ग का नाम, समिति का पता, पदाधिकारियों का नाम व मोबाईल नम्बर तथा झाकी के कथानक का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये। महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री मरकाम ने गणेश उत्सव समितियों से उक्त प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

# सेवा संकल्प अभियान : सेवा संकल्प अभियान के तहत मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उकेरे विकसित भारत के सपने



राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा विकसित भारत के प्रति उनके विचारों को अभिव्यक्ति देने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 सितम्बर को जिले के 1234 से अधिक शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए चित्रों एवं पेंटिंग के माध्यम से भारत की विकास यात्रा और विकसित भारत को लेकर अपने सपनों एवं कल्पनाओं को साकार किया।

**जिले के 1234 से अधिक शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता**

चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को देश की पिछले 25 वर्षों की विकास यात्रा एवं उपलब्धियों तथा विकसित भारत की संकल्पना से जुड़े विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने रंगों और कल्पनाओं के माध्यम से अपने सपनों के भारत की तस्वीर उकेरी। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में देश के विकास, नवाचार, आत्मनिर्भरता तथा भविष्य के भारत को लेकर सोच विकसित करने का प्रयास किया गया।

### 19 सितम्बर को विद्यालयों में प्रदर्शित किए जाएंगे विद्यार्थियों के चित्र

विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए चित्रों एवं पेंटिंग की प्रदर्शनी 19 सितम्बर को सभी विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार चित्रों के माध्यम से देश की विकास यात्रा और विकसित भारत को लेकर उनके विचारों एवं सपनों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के पालकों, शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी), शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों तथा स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के साथ ही विद्यालय और समुदाय के बीच सहभागिता को बढ़ावा देना है।

### भाषण प्रतियोगिता एवं न्योता भोज का भी होगा आयोजन

सेवा संकल्प अभियान के तहत 19 सितम्बर को विद्यालय स्तर पर च्मेरे सपनों का भारतज् विषय पर विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थी विकसित भारत की संकल्पना, देश की उपलब्धियों तथा भविष्य के भारत को लेकर अपने विचार व्यक्त करेंगे। साथ ही विद्यालयों में यथासंभव न्योता भोज का आयोजन भी किया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, देश के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका को लेकर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

## अनमोल 'दावा'

> शरीर पर लगे घाव दवाई से ठीक हो जाते हैं, मगर शब्दों से लगे घाव कभी ठीक नहीं होते।

# कौशल, रोजगार, स्टार्टअप और आधुनिक शिक्षा पर सरकार का जोर, 18 हजार से अधिक युवाओं को मिला प्रशिक्षण

धनंजय राठौर

**रायपुर (दावा)।** युवाओं को विकास के केंद्र में रखते हुए छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय की सरकार कौशल विकास, रोजगार, उच्च शिक्षा, उद्यमिता और खेल क्षेत्र में अवसरों का विस्तार कर रही है। पिछले करीब तीन वर्षों में जब से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सत्ता संभाली है, युवाओं को सक्षम, रोजगारपरक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं और पहल शुरू की हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य शिक्षा और प्रशिक्षण को रोजगार से जोड़ते हुए राज्य की युवा आबादी को विकास की नई ताकत में बदलना है। लक्ष्य केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें कुशल, आत्मनिर्भर, नवाचारी और भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार मानव संसाधन के रूप में विकसित करना है।




**9 हजार सरकारी पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सरकार की रोजगार और कौशल विकास पहल से युवाओं को मिल रहे अवसर**

### 18 हज़ार 330 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राज्य के 26 जिलों में करीब 18 हज़ार 330 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस पर लगभग 29 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। वहीं, 35 हजार और युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य सरकार ने युवाओं के कौशल विकास के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है, ताकि प्रशिक्षण को उद्योगों और बाजार की बदलती जरूरतों के अनुसार बनाया जा सके।

### युवा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, अवसर और पारदर्शी व्यवस्था

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा, ''युवा छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी ताकत और भविष्य की उम्मीद हैं। हमारा प्रयास है कि हर युवा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, अवसर और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध हो। युवा सशक्तीकरण विकसित छत्तीसगढ़ के हमारे विजन का केंद्र है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप है।''

### पारदर्शी भर्ती पर फोकस

युवा केंद्रित एजेंडे में रोजगार के साथ सरकारी भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता को भी प्राथमिकता दी गई है। राज्य में करीब 9 हजार रिक्त सरकारी पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इसके अलावा क्लास-3 और क्लास-4 के पदों पर भर्ती को एकीकृत, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए नए छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल का गठन किया गया है।

युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरकार द्वारा निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था

सरकार ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर अवसर देने के लिए CG-ACE पहल शुरू की है। इसके तहत NEET, CLAT, JEE, UPSC, CGPSC, बैंकिंग, स्स्ट और रेलवे जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए 33 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे का विस्तार

युवा विकास की रणनीति में विष्णु देव साय सरकार ने उच्च शिक्षा को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया है। उच्च शिक्षा के बजट में करीब 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2025-26 में इसे बढ़ाकर 1,822.75 करोड़ रुपये किया गया है। राज्य के पांच सरकारी कॉलेजों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें जशपुर, रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार और रायगढ़ के कॉलेज शामिल हैं। इसी तरह, आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की तर्ज पर कवर्धा, जशपुर, रायगढ़ और जगदलपुर में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी विकसित किए गए हैं। आने वाले समय में रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में भी इनके विस्तार की योजना है।

**संयुक्त संचालक, जनसम्पर्क (रायपुर)**

## फसल बीमा योजना काण्ड

प्राकृतिक और मानव सर्जित आपदाओं के कारण कृषि क्षेत्र में बेहद नुकसान हो रहा है। इस नुकसान की भरपाई कराने के लिए सरकार ''बीमा योजना'' लायी है। छोटा प्रीमियम का भुगतान करके किसान अपने आपको आपदाओं से बचा सकते हैं। किन्तु, अनुभव में आया है कि देशी-विदेशी कम्पनियों को बीमा योजनाओं का कार्यभार सौंपा है, उसमें किसानों से ज्यादा बीमा कम्पनियों को फायदा पहुंच रहा है। प्राकृतिक आपदा के कारण हर साल फसलों को बहुत नुकसान होता है। ऐसे हालात में किसानों को फसलों के नुकसान की भरपाई करने की जिम्मेदारी सरकार की है। मुआवजा के लिए केन्द्र व राज्य सरकारें आपस में मिलकर कृषि बज़ट में हर साल 20 से 25 हजार करोड़ रूपयों का प्रावधान करती है। सरकार ने तकनीकियों का उपयोग करके ऐसी पारदर्शक योजना बनायी थी, जिससे तमाम प्रभावित किसानों को सीधा फायदा मिल सके। सरकार ने मुआवजा देने के लिए ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' के नाम की योजना बनायी थी। जिससे किसानों को नहीं, कम्पनियों को फायदा हो रहा है। जिन कम्पनियों को कृषि व किसानों बाबत थोड़ी भी जानकारी नहीं है, ऐसी कम्पनियों को केवल मुआवजा वितरण करने के लिए मोटा फायदा हो रहा है। परदे के पीछे से किसानों का हक फसल बीमा कम्पनियों को दिया जा रहा है। गत वर्षों के अनेक आंकड़ों को सरकारी विभाग के द्वारा सार्वजनिक किए गए हैं। फसल बीमा योजना अधीन मुआवजा देनें के लिए किसानों को 28,847 करोड़, केन्द्र और राज्य सरकार को 1,96,228 करोड़ पिछले सात वर्षों में फसल बीमा कम्पनियों को प्रदान किए गए थे। इन वर्षों में 46.92 करोड़ किसानों को ''फसल बीमा योजना'' में शामिल किया गया था। जिनमें से केवल 12.98 करोड़ किसानों को ही मुआवजा मिला है। इनमें भी करोड़ो किसानों को बहुत कम मुआवजा मिला है। 33.84 करोड़ किसानों को कुछ नहीं मिला। इसके उलट इन किसानों को हर साल जमा की जा रही प्रीमियम राशि का नुकसान सहन करना पड़ा था।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना साल 2016 में शुरू की गई थी। साल 2016-17 से 2022-23 के उपलब्ध सरकारी आंकड़े साफ बताते हैं कि फसल बीमा कम्पनियों ने पिछले सात सालों में हर साल 8 से 10 हजार करोड़ रूपए की दर से 60 हजार करोड़ रूपयों की लूट की है। महाराष्ट्र में से 12,484 करोड़ रूपए, राजस्थान में से 10,524 करोड़ रूपए, मध्यप्रदेश में से 9,777 करोड़ रूपए और गुजरात में से 6628 करोड़ रूपए लूट लिए गए है। ऐसा लगता है कि इस बड़ी लूट के लिए फसल बीमा कम्पनियां स्वयं किसानों मतदाताओं को प्रभावित करने की आशय से चुनाव में सरकार को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से काम करती हैं। मध्यप्रदेश में 2017-18 में 5894 करोड़ रूपए, वर्ष 2019-20 में 5812 करोड़ रूपए और वर्ष 2020-21 में 7391 करोड़ रूपयों का मुआवजा मिला है। जिन सालों में कम्पनियों को मिले प्रीमियम से अधिक है, उस मध्यप्रदेश में नवम्बर 2018 में विधानसभा के चुनाव होनें वाले थे। मई 2019 में लोकसभा के चुनाव होनें वाले थे। नवम्बर 2020 में 28 सीटों पर विधानसभाओं की सीटों पर उपचुनाव होनें वाले थे। जब कि, मध्यप्रदेश में कम्पनियों का कुल 35,506 करोड़ रूपयों का बीमा प्रीमियम मिला था। उसमें से 25,729 करोड़ रूपए किसानों को मुआवजे के रूप में मिला था और 9,777 करोड़ रूपए कम्पनियों के द्वारा लूट मचायी गई थी। इसका तात्पर्य यह भी होता है कि अन्य सालों में दिया गया मुआवजा नहींवत था।

अब महाराष्ट्र सरकार फसल बीमा योजना शुरू कर रही है। यद्यपि, इसमें किसानों को फायदा दिख रहा है। परन्तु, यहां किसानों के बीमा प्रीमियम कृषि बजट में कटौती कर के कम्पनियों को देना पड़ रहा है। जिसके कारण किसानों को भी नुकसान होगा। उधर, सरकार दावा करती है कि किसानों को लूटने वाले बिचौलियों को वह दूर करना चाहती है। परन्तु, यहां सरकार ने ही कारपोरेट्स को बिचौलिया बनाया है। जिसमें केवल मुआवजे के वितरण के लिए हर साल 10,000 करोड़ रूपए कमाती है। निजी बीमा कम्पनियां भी इस लूट में आगे है। पंजाब, बिहार और पश्चिम बंगाल पहले ही इस योजना से बाहर निकल गए हैं। अब आन्ध्रप्रदेश, गुजरात, तेलंगाना और झारखण्ड ने भी कम मुआवजे के भुगतान के कारण इस योजना को बंद कर दिया है।

अब केन्द्र सरकार प्राकृतिक आपदाओं में हुए नुकसान की भरपायी करने का काम कम्पनियों को सौंप कर बीमा कम्पनियां फायदा करवा रही है। सैद्धान्तिक रूप से नुकसान की भरपायी करने के लिए बीमा योजना शुरू करना ही गलत है। जिसके कारण कम्पनियों को हर साल कृषि बजट का बड़ा हिस्सा मिलता है और किसानों को नुकसान सहन करना पड़ता है।

सौजन्य गुजरात समाचार

# कानूनी शिक्षा के भविष्य पर सुप्रीम चिंता

(वीपी राहुल)

भारत में कानूनी शिक्षा को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी ने इस बहस को एक नई दिशा दे दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार से कानूनी शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ निकाय गठित करने पर विचार करने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि मौजूदा दौर विशेषज्ञ निकायों का है और कानूनी शिक्षा के लिए भी एक विशेषज्ञ संस्था होनी चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय की यह टिप्पणी महज किसी एक याचिका तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत में कानून की पढ़ाई की मौजूदा व्यवस्था और उसके उद्देश्य को लेकर एक व्यापक सवाल खड़ा करती है। आखिर भारत में कानून की शिक्षा कैसी होनी चाहिए? क्या मौजूदा पांच वर्षीय कानून पाठ्यक्रम वास्तव में भविष्य के वकीलों को पर्याप्त प्रशिक्षण देता है? क्या कानूनी शिक्षा आम आर्थिक पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों की पहुंच में है? और क्या कानून के विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के दौरान जरूरत से ज्यादा गैर-कानूनी विषयों और ऐसी गतिविधियों में समय देना पड़ता है, जिनका उनके पेशेवर प्रशिक्षण से सीधा संबंध नहीं है? ये सभी प्रश्न अब न्यायिक विमर्श का हिस्सा बन गए हैं।

यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश में उच्च शिक्षा की व्यवस्था तेजी से बदल रही है। हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने चार वर्षीय स्नातक डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में शामिल होने और आगे पीएचडी करने का अवसर देने का निर्णय लिया है। इस बदलाव का उद्देश्य उच्च शिक्षा को अधिक लचीला बनाना और विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग शैक्षणिक रास्ते खोलना है लेकिन इसी संदर्भ में यह सवाल भी उठता है कि क्या कानूनी शिक्षा की मौजूदा संरचना भी समय के साथ उसी तरह बदलने की जरूरत महसूस करती है।

सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष दायर याचिका में पांच वर्षीय कानून पाठ्यक्रम से जुड़े कई गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं। याचिकाकर्ता ने आर्थिक रूप से




कमजोर विद्यार्थियों पर कानूनी शिक्षा के बढ़ते आर्थिक बोझ का मुद्दा उठाया है। देश के कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों और निजी कानून संस्थानों में फीस लगातार एक महत्वपूर्ण विषय बनी हुई है। कानून की पढ़ाई अब केवल एक पेशेवर डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि कई संस्थानों में यह एक महंगा शैक्षणिक विकल्प बन चुकी है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली कानूनी शिक्षा तक पहुंच बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

याचिका में पांच वर्षीय कानून पाठ्यक्रम में गैर-कानूनी विषयों के लिए लगने वाले समय और अनिवार्य इंटर्नशिप की व्यवस्था पर भी सवाल उठाया गया है। पांच वर्षीय एकीकृत कानून पाठ्यक्रम को इस सोच के साथ तैयार किया गया था कि विद्यार्थी स्नातक स्तर की शिक्षा के साथ-साथ कानून की पढ़ाई कर सकें। इससे विद्यार्थियों को अपेक्षाकृत कम उम्र में पेशेवर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है लेकिन समय के साथ यह प्रश्न सामने आया है कि क्या इस पाठ्यक्रम में शामिल सभी विषय वास्तव में कानूनी पेशे की जरूरतों के अनुरूप हैं। इंटर्नशिप को लेकर भी स्थिति दोतरफा है। एक ओर अदालतों, कानून फर्मों, कंपनियों और अन्य संस्थानों में व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों को वास्तविक कानूनी व्यवस्था समझने में मदद करता है। दूसरी ओर, यदि इंटर्नशिप की गुणवत्ता और उपलब्धता में बड़ा अंतर हो तो यह व्यवस्था विद्यार्थियों के बीच असमानता भी पैदा कर सकती है। बड़े शहरों और प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिल सकते हैं, जबकि छोटे शहरों या सीमित संसाधनों वाले विद्यार्थियों के लिए वही अवसर हासिल करना मुश्किल हो सकता है।

याचिका में पांच वर्षीय कानून की पढ़ाई पर बेहद तीखी टिप्पणी करते हुए इसे पैसे निकालने के लिए तैयार की गई व्यवस्था तक कहा गया है। यह भाषा भले ही कठोर हो, लेकिन इसके पीछे उठाया गया प्रश्न महत्वपूर्ण है- क्या कानूनी शिक्षा का विस्तार वास्तव में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए हो रहा है या इसके पीछे बढ़ते व्यावसायीकरण की भूमिका भी है? कानून एक ऐसा पेशा है जिसका सीधा संबंध न्याय व्यवस्था से है। इसलिए कानून की शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं हो सकती। इसका उद्देश्य ऐसे पेशेवर तैयार करना होना चाहिए जो संविधान, कानून, न्याय और नागरिक अधिकारों की गहरी समझ रखते हों।

भारत में कानून की शिक्षा का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि देश की न्याय व्यवस्था पर पहले से ही मामलों का भारी बोझ है। अदालतों में लंबित मामलों की संख्या, मुकदमों की बढ़ती लागत और आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुंच जैसे प्रश्न सीधे तौर पर कानूनी पेशे की गुणवत्ता से जुड़े हैं। यदि कानून की पढ़ाई में विद्यार्थियों को मजबूत सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण, नैतिकता और संवैधानिक मूल्यों की समझ नहीं मिलेगी तो इसका प्रभाव आगे चलकर पूरी न्याय व्यवस्था पर पड़ सकता है।

इसीलिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता पर जोर देना महत्वपूर्ण है। यदि ऐसा निकाय बनाया जाता है तो उसका काम केवल पाठ्यक्रम में बदलाव तक सीमित नहीं होना चाहिए। उसे कानूनी शिक्षा की पूरी व्यवस्था का अध्ययन करना चाहिएकफीस, प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, शिक्षकों की गुणवत्ता, इंटर्नशिप, शोध, व्यावहारिक प्रशिक्षण, तकनीक के इस्तेमाल, विद्यार्थियों के मानसिक और आर्थिक दबाव तथा कानून की पढ़ाई के बाद रोजगार के अवसर जैसे पहलुओं को भी इसके दायरे में शामिल किया जाना चाहिए। विशेषज्ञ निकाय में केवल सरकारी अधिकारियों या न्यायपालिका के प्रतिनिधियों को शामिल करने के बजाय कानून के शिक्षक, अनुभवी अधिवक्ता, न्यायाधीश, विधि शोधकर्ता, विद्यार्थी और कानूनी शिक्षा से जुड़े स्वतंत्र विशेषज्ञ भी शामिल किए जा सकते हैं। इससे समस्या को अलग-अलग दृष्टिकोणों से समझने में मदद मिलेगी। (हिफी)

## सामायिक चर्चा

### मोदी जी से, एक गृहस्थ की आशा !

गजाधर को आने में देर थी,
तो बानी ने गृहस्थ गिरधारी से बात की
गिरधारी भैया ! देश के यशस्वी
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में
एक दीया कर्त्तव्य निर्वाह का
एक दीया नव उमंग और उत्साह का,
एक दीया वैश्विक पटल पर संवाद का
और एक दीया मोदी जी को आशीर्वाद का,
संकल्प के साथ हमारे विधायक और
विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने
स्पीकर हाउस में सपरिवार प्रज्जवलित किया।
तो आपने भी अपने घर में दीया जलाया
गृहस्थ गिरधारी ने बताया
हाँ ! हमने भी भाजपाई भैया के कहने से
तन से दीया जलाया।
बानी एकदम चकित हो गए - ''तन से दीया जलाया?
गिरधारी भैया ! आपका मतलब समझा नहीं।''
गृहस्थ गिरधारी, बाजार को यादकर
बोले सुखी हंसी हंसकर - बानी बाबू ।
हमारा मतलब है यही कि हम मन से दीया तब जलाते,
जब पीएम मोदी जी तेल, राशन,
दवा और फल-सब्जियां पर
बेहिचक बैठी हुई जबर्दस्त महंगाई से
हम गृहस्थ जनता को निजात दिलाते।'
(शुक्रवार 18 सितंबर 2026)


गिरीश बख्शी

### राधा अष्टमी और बरसाना के विशेष कार्यक्रम



भगवान श्रीकृष्ण की प्रिय राधा रानी के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाने वाली राधा अष्टमी 2026 इस बार 19 सितंबर, शनिवार को मनाई जाएगी। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को आने वाले इस पर्व का ब्रज क्षेत्र, खासकर बरसाना में विशेष महत्व है। यहां राधा रानी यानी वृषभानु नंदनी के प्राकट्य उत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, राधा अष्टमी के दिन राधा रानी की पूजा करने से भक्तों को सुख-समृद्धि और श्रीराधा-कृष्ण की कृपा प्राप्त होती है। इस दिन देशभर के मंदिरों में विशेष पूजा, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है।

#### राधा अष्टमी 2026 की तिथि और शुभ समय

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि का आरंभ 18 सितंबर 2026 दोपहर करीब 1:02 बजे से होगा और यह 19 सितंबर दोपहर करीब 3:28 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के आधार पर राधा अष्टमी का व्रत और उत्सव 19 सितंबर को मनाया जाएगा।

#### बरसाना में होगा भव्य जन्मोत्सव

राधा रानी की जन्मभूमि माने जाने वाले बरसाना में इस दिन विशेष आयोजन होते हैं। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगती है। राधा रानी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया जाता है और जन्मोत्सव के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बरसाना के मंदिरों में मूलशांति अनुष्ठान, वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा के साथ राधा रानी का अभिषेक किया जाता है।

राधा अष्टमी के दिन राधा रानी की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक विशेष महत्व रखता है। पंचामृत में दूध, दही, घी, शहद और शक्कर का प्रयोग किया जाता है। इसके बाद राधा रानी का सुंदर श्रृंगार कर उन्हें नए वस्त्र और आभूषण अर्पित किए जाते हैं। राधा रानी को भक्ति, प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। वैष्णव परंपरा में राधा अष्टमी को विशेष पर्व के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा से राधा रानी की पूजा करने से जीवन में प्रेम, शांति और खुशहाली आती है। ब्रज क्षेत्र में राधा अष्टमी का उत्सव केवल धार्मिक पर्व नहीं बल्कि सांस्कृतिक आयोजन भी होता है। मंदिरों में भजन, कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से राधा रानी के प्राकट्य दिवस को मनाया जाता है।

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि वालों आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरूरत है। आज आपको कुछ समय परिवार के लिये जरूर निकालना चाहिए। आज आप किसी काम में बहुत ज्यादा व्यस्त रहेंगे। साथ ही दूसरों की कोई सलाह आपके लिये फायदेमंद सिद्ध होगी। आज बच्चों का मन पढ़ाई की अपेक्षा खेल कूद में ज्यादा लगेगा। आपको अपनी सेहत फीट रखने के लिये नियमित तौर पर व्यायाम करना चाहिए।

**वृष राशि** — वृष राशि वालों आज घर पर किसी रिश्तेदार के आने से परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। साथ में कहीं घूमने भी जायेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी और सोचे हुए जरूरी काम समय पर पूरे हो जायेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। साथ ही खुशखबरी मिलने से आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आज आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कुछ नई योजना बनायेंगे, जिसका फायदा भी होगा। आज आपका मन पूजा पाठ में अधिक लगेगा, आप धार्मिक पुस्तक पढ़ेंगे जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप विपरीत परिस्थितियों में भी खुद को शांत रखेंगे।

**कर्क** — कर्क राशि वालों आज व्यापार में उम्मीद से अधिक मुनाफा होने वाला है। आज आपको परिवार से कार्यों में मदद मिलती रहेगी। आज आपकी दोस्तों के साथ किसी विशेष मुद्दे पर बातचीत हो सकती हैं, जिससे आपको उसका समाधान मिल जायेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आज आपको अच्छे काम के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

**सिंह** — सिंह राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। आज आपका पूरा ध्यान अपने करियर को आगे बढ़ाने पर रहेगा। साथ ही आज आपको कार्यक्षेत्र में नए अवसर भी प्राप्त होंगे। आज आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा।

**कन्या** — कन्या राशि वालों आज आपको अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज आपको ऑफिस में कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। साथ ही परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य एकदम ठीक रहेगा और आपके अन्दर एक नई ऊर्जा का संचार होगा। शुभ रंग - हरा शुभ अंक - 4

**तुला** — तुला राशिः तुला राशि वालों आज माता पिता की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल होगी, जिससे आपकी चर्चा दूर-दूर तक होगी। आज आपको गंभीर मामलों को शांति और बातचीत से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए। आज आप थोड़े भावुक भी हो सकते हैं, इसलिए आप कोई भी फैसला जल्दबाजी में ना लें तो अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि वालों आज आप परिवार के साथ कहीं घूमने जायेंगे। आज किसी काम के सिलसिले में अनजान व्यक्ति से आपकी दोस्ती होगी, जो लम्बे समय तक चलेगी। इस राशि के कला और साहित्य से जुड़े व्यक्तियों को आज कहीं परफॉर्म करने का मौका मिलेगा। साथ ही कुछ जरूरी योजनाएं आपके अनुसार पूरी होंगी। आज अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे।

**धनु** — धनु राशि वालों आज ऑफिस के काम को पूरा करने में आप पूरी तरह से सक्षम होंगे। इस राशि के लॉ की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आज आपको किसी सीनियर वकील के साथ इंटरर्नशिप करने का मौका मिलेगा। आज आप करियर में नए आयाम स्थापित करेंगे। साथ ही आज आप जिससे भी मदद की उम्मीद करेंगे, उससे आपको समय पर मदद मिल जायेगी।

**मकर** — मकर राशि वालों आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आपकी व्यापारिक डील किसी बड़ी कम्पनी के साथ फाइनल होने की संभावना है। आज आपके घर पर किसी मेहमान का आगमन होगा, जिससे परिवार में चहल पहल बनी रहेगी। आज आपको ऑफिस में एक साथ कई काम करने पड़ पड़ेंगे और काम के प्रति आपकी मेहनत रंग लायेगी।

**कुंभ** — कुंभ राशि वालों आज आपका दिन बेहद शानदार रहने वाला है। आज बॉस आपसे कुछ ज्यादा ही अपेक्षाएं रखेंगे, आप उनकी अपेक्षाओं पर खरे भी उतरेंगे। आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा। साथ ही आपको किसी संस्था के माध्यम से सम्मानित भी किया जायेगा। आज आप कुछ नए लोगों के संपर्क में आ सकते हैं, जिनसे आपको फायदा भी होगा।

**मीन** — मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी। आज किसी काम में अनुमान से ज्यादा मेहनत और समय लग सकता है। आज स्वास्थ्य के प्रति आपको सजग रहने की जरूरत है और जंक फूड खाने से भी बचना चाहिए। आज आप अपने दोस्त से किसी काम के लिए मदद ले सकते हैं।

# ग्राम पंचायत बेलगांव- 15वें वित्त की राशि में लाखों का खेल, सरपंच-सचिव पर फर्जी बिल वाउचर से बंदरबांट का आरोप

**0 पानी सप्लाई और कचरा उठाई के नाम पर ही निकाल लिए करीब 9 लाख रुपये**

**0 पंचायत में 3 ई-रिक्शा मौजूद, फिर भी कचरा परिवहन के नाम पर निजी ठेकेदार व मजदूरों को लाखों का भुगतान**

**0 एसडीएम अक्षय जोशी बोले - जनपद पंचायत सीईओ द्वारा कमेटी गठित कर कराई जाएगी निष्पक्ष जांच**




डोंगरगढ़ (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेलगांव में 15वें वित्त आयोग की राशि में भारी वित्तीय अनियमितता और बंदरबांट का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत के अनुसार, पंचायत के सरपंच और सचिव ने मिलीभगत कर केवल पेयजल सप्लाई और कचरा सफाई के नाम पर फर्जी बिल-वाउचर लगाकर 9 लाख रुपये से अधिक की राशि का आहरण कर लिया। मामले की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ से करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है।

### पानी सप्लाई और कचरा उठाई में बहाया लाखों का फंड

शिकायत में उल्लेख किया गया है कि मार्च, मई और जून 2025 की अल्पावधि में ही पेयजल सप्लाई के नाम पर 2,67,000 का आहरण कर लिया गया। वहीं ग्राम पंचायत में कचरा संग्रहण के लिए 3 स्वचालित ई-रिक्शा पहले से उपलब्ध होने के बावजूद निजी ट्रैक्टर और ठेकेदार के माध्यम से सफाई कार्य दर्शाकर 2,63,000 का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त मजदूरों से कचरा उठवाने के नाम पर भी लगभग 2 लाख का आहरण किया गया, जिसमें एक ही माह में दो-दो बार मजदूरों के नाम पर राशि निकाली गई। वहीं गोस्वामी समाज सामुदायिक भवन के आहता निर्माण में भी बिना उचित कार्य के नींव खुदाई के नाम पर हजारों रुपये का बिल लगाकर भुगतान करा लिया गया।

### एक ही नंबर-तारीख के बिलों पर अलग-अलग भुगतान

दस्तावेजों के अनुसार अधिकांश भुगतान पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा नेता लेखराम साहू (पिता छबील साहू) की फर्म के नाम से किए गए हैं। फर्म के पास जीएसटी नंबर होने के बावजूद पंचायत में बिना जीएसटी वाले सादे बिल लगाए गए। रु. 35,000 और रु. 30,000 के बिलों में तो तिथि तक अंकित नहीं है। यही नहीं, दो बिल ऐसे भी सामने आए हैं जिनका क्रमांक और दिनांक बिल्कुल एक है, लेकिन दोनों पर अलग-अलग मदों के कार्यों के तहत भुगतान आहरित कर लिया गया। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार 15वें वित्त के कार्यों में जीएसटी बिल अनिवार्य होने के बावजूद नियमों की खुली अनदेखी की गई।

### गांव देहात में कहां से आएगा जीएसटी बिल- सचिव

वित्तीय अनियमितताओं और बिना जीएसटी बिल के भुगतान को लेकर जब ग्राम पंचायत बेलगांव के सचिव धीरेंद्र से पक्ष लिया गया, तो उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना जवाब देते हुए कहा–

गांव देहात में जीएसटी वाला बिल कहां मिलता है।÷ हालांकि, बड़ा सवाल यह उठता है कि जब कार्य जीएसटी पंजीकृत फर्म से कराया जाना दर्शाया गया, तो फिर बिना जीएसटी के अपूर्ण बिलों पर भुगतान कैसे जारी कर दिया गया।

### जांच कमेटी गठित कर होगी कड़ी कार्रवाई - एसडीएम

'ग्राम पंचायत बेलगांव में 15वें वित्त की राशि में गबन व फर्जीवाड़े की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत सीईओ के माध्यम से तत्काल एक जांच कमेटी गठित कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष व सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

– अक्षय जोशी (आईएएस),
एसडीएम, डोंगरगढ़

# राष्ट्रीय फुटबॉल के मैदान में छुईखदान की चमक

**श्रेयांश श्रीवास्तव ने जयपुर में लहराया परचम, 17वीं नेशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव**



छुईखदान (दावा)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित 17वीं नेशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में छुईखदान के युवा फुटबॉल खिलाड़ी श्रेयांश श्रीवास्तव ने शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। प्रतियोगिता की फुटबॉल लीग में श्रेयांश का चयन हुआ, जहां उन्होंने अपने बेहतरीन खेल कौशल और दमदार प्रदर्शन के दम पर गोल्ड मेडल हासिल किया।

12 सितंबर से 15 सितंबर 2026 तक जयपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों और प्रतिस्पर्धा के बीच श्रेयांश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। श्रेयांश की इस उपलब्धि से छुईखदान सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करना उनकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उनकी इस सफलता ने क्षेत्र के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। श्रेयांश श्रीवास्तव की सफलता पर परिजनों, खेलप्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि श्रेयांश आने वाले समय में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छुईखदान का नाम गौरवान्वित करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर छुईखदान के युवा खिलाड़ी की यह शानदार उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है।

## पहला कॉलम...

### ग्राम पंचायत ढाबा में मितानिनों को वितरित किए गए बीपी मापक यंत्र



डोंगरगांव (दावा)। जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढाबा, जनपद पंचायत डोंगरगांव में ग्रामीणों के स्वास्थ्य लाभ को ध्यान में रखते हुए पंचायत निधि से 5 नग बीपी मापक यंत्रों का वितरण मितानिनों को किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा मितानिनों को यह उपकरण सौंपे गए। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को गांव में ही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। बीपी मापक यंत्र से ग्रामीण नियमित रूप से अपना रक्तचाप जांच करा सकेंगे। इससे उच्च रक्तचाप की समय पर पहचान, बुजुर्गों एवं मरीजों की नियमित निगरानी तथा आवश्यकता पड़ने पर समय रहते स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में मदद मिलेगी। पंचायत की इस पहल से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा का सीधा लाभ मिलेगा।

### विद्यार्थियों ने किया एमआरएफ प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण-ली स्वच्छता की शपथ



डोंगरगांव (दावा)। नगर पालिका परिषद डोंगरगांव द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत आज प्री मैट्रिक आदिवासी छात्रावास डोंगरगांव के विद्यार्थियों ने नगर के एम.आर.एफ. (मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी) प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया. भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को डोर-टू-डोर कलेक्शन से आने वाले सूखे कचरे (प्लास्टिक, कागज, बोतल आदि) के पृथक्करण एवं रीसाइक्लिंग की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार जानकारी ली. वहीं इस भ्रमण के पश्चात सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ लिया जिसमें उन्होंने स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहने, हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने, न स्वयं गंदगी करने और न किसी को करने देने, स्वयं से, परिवार से, मुहल्ले से एवं कार्यस्थल से स्वच्छता की शुरुआत करने तथा स्वच्छ भारत मिशन का गांव-गांव, गली-गली प्रचार करने और अन्य 100 व्यक्तियों को भी शपथ दिलाने का संकल्प लिया. विद्यार्थियों को थ्री आर सिद्धांत (रिड्यूस, रियूस व रिसाईकिल) एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को लेकर जागरूक किया गया. इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा, स्वच्छता निरीक्षक रविंद्र साहू एवं स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं.

### यादव समाज का 20 सितंबर को बैठक रुदगांव में

डोंगरगाँव (दावा)। समीपस्थ ग्राम रूदगाँव में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला-राजनांदगांव, खैरागढ़- छुईखदान- गंडई, चौकी -मानपुर- मोहला का संयुक्त बैठक आयोजित की गई है. रविवार 20 सितंबर 2026 को दोपहर 11:30 बजे से ज्योतिषराम यादव संयुक्त जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में तीनों जिला के पदाधिकारी शिरकत करेंगे. बैठक में सामाजिक विषयों व नियमावली पर समीक्षात्मक चर्चा किया जाएगा. सभी परिक्षेत्र, तहसील, ब्लॉक एवं नगर इकाई तथा संयुक्त जिला के सभी पदाधिकारीगण संरक्षकगणों का इस बैठक में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है. उक्ताशय की जानकारी सतदेव यादव अध्यक्ष रूदगांव ने दी.

### आज से ग्राम परना में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम परना में सच्चिदानंद रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. यह दो दिवसीय आयोजन 19 व 20 सितंबर दिन शनिवार व रविवार को होगा. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत क्रेसर के संचालक आदित्य जैन होगें. वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पटेल श्यामलाल बेलसरिया करेंगें.

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ग्राम सेवा समिति परना के अध्यक्ष शोभाराम भुआर्य, कोषाध्यक्ष दुखुराम सोनवानी, सचिव ईशकुमार देवांगन, ग्राम उपसरपंच अजय कौशिक सहित संपत लाल ओड़मरिया, सेवकराम देवांगन, कलीराम गायकवाड़, डामेश्वर साहू, खिलेश यारदा, रामदीन विश्वकर्मा एवं समस्त पंचगण शामिल होंगें.

## बेसबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भड़सेना स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते चार रजत और एक कांस्य



अंबागढ़ चौकी (दावा)। 26वीं शालेय राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भड़सेना के पांच विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता 3 से 6 सितंबर तक बिलासपुर में आयोजित हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ के पांच संभागों रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, बिलासपुर और बस्तर की टीमों ने हिस्सा लिया। दुर्ग जोन की टीम में बेमेतरा, कवर्धा, बालोद, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी और दुर्ग जिले के चयनित खिलाड़ी शामिल थे। भड़सेना विद्यालय से मिनी वर्ग में रितेश कुंजाम और लतिका नेताम, जूनियर वर्ग में खिलेश्वरी किरगे तथा सीनियर वर्ग में खिलेश्वरी सोनवानी और भूपेश कंवर ने दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व किया।

प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में भूपेश कंवर कक्षा 11 और सीनियर बालिका वर्ग में खिलेश्वरी सोनवानी कक्षा 12 ने पदक जीता। जूनियर बालिका वर्ग में खिलेश्वरी किरगे, बालिका मिनी वर्ग में लतिका नेताम कक्षा 8 और बालक मिनी वर्ग में रितेश कुंजाम कक्षा 8 ने रजत पदक हासिल किया। इस तरह विद्यालय के खिलाड़ीयों ने कुल चार रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। इन खिलाड़ीयों का चयन अगस्त में जेवरा, बेमेतरा और कवर्धा में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। बिलासपुर में खिलाड़ियों ने अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जोन को पदक दिलाने में अहम योगदान दिया। विद्यालय के खिलाड़ीयों की उपलब्धि पर प्राचार्य आर.बी. सिंह, पीटीआई जयकिशन चौहान, एसएमसी अध्यक्ष मोहन धुर्वे, सरपंच प्रमिला कोरेटी सहित विद्यालय के शिक्षकों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रासायनिक खाद की अंधाधुंध उपयोग के कारण हमारे जमीन के लिए हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है - शशिकांत द्विवेदी

**मार्कफेड चेयरमेन शशिकांत द्विवेदी पहुंचे बोरतलाव सोसाइटी**




डोंगरगढ़ (दावा)। 17 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान के तहत वनांचल क्षेत्र के ग्राम बोरतलाव ग्राम पंचायत बोरतलाव सेवा सहकारी समिति में आयोजित दीप उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मां भारती के तेल चित्र में मालय अर्पण पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ मुख्य अतिथि श्री द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सीधे यूरिया को जो खेतों में छिड़काव करते हैं उसके दुष्परिणामों से जल दूषित हो रहा उन्होंने अपने पुराने दिनो को याद करते हुए बताया कि हम पहले तालाब और कुआं से पानी पीते थे वह कितना शुद्ध रहता था आज जल्द दूषित हो रहा है बोतल से पानी पीना पड़ रहा है जमीन की उर्वरा शक्ति खराब हो रही है को बचाने के लिए हमें इफको का नैनो यूरिया नैनो डीएपी का स्प्रे करके छिड़काव करके धन जल जमीन को बचाना है। रासायनिक खाद की अंधाधुंध उपयोग के कारण हमारे जमीन के लिए हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है इस पर उन्होंने विस्तार पूर्वक जानकारी किसानों को दिए। किसानों से अपील किये। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता प्रशांत कोड़ापे सभापति वन समिति जिला राजनांदगांव सुरेश वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति ठाकुर टोला ग्राम पंचायत सरपंच बोरतलाव कैलाश ऊके जिला लाल बहादुर नगर मंडल के महामंत्री उपकार सिंह बघेल किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिव बल्हारे पिछड़ा वर्ग महामंत्री दुर्गेश साहू पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष देवेंद्र सुलाखे लालबहादुर नगर मंडल सावंत नंदेश्वर राकेश साहू मंत्री अश्वनी साहू भाजपा नेता धनुष बल्हारे बिसाहू दसरिया बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थें एवं सेवा सहकारी समिति मर्यादित बोरतलब समिति के प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष थनवार मंडावी एवं समिति प्रबंधक ईश्वर श्रीवास व स्टाफ उपस्थित थे।

## अटल परिसर एलबी नगर में हजारों की संख्या में जलाए गए 'आशीर्वाद का दीया'

**आशीर्वाद का दीया केवल दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज और संगठन के प्रति सेवा, समर्पण एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है - भरत वर्मा**







लाल बहादुर नगर (दावा)।भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत लाल बहादुर नगर स्थित अटल परिसर में हजारों की संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह एवं सेवा भावना का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा ,नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू , मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, जिला भाजपा मंत्री श्रीमती प्रीति ताम्रकार, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी एवं वेदराम ताम्रकार, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा,मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश पांडेय, पन्नालाल साहु, पंडित शेखर तिवारी, पार्षद राजेश देवांगन, रामजी साहु, योगेश साहु, एल्डरमैन घमोतीन चंद्रवंशी, श्रीमति पुष्पा सिन्हा, जीवन साहु,संगीता साहु, जमुना साहु, बंटी साहु,खेदु साहु, हरी मंडल,राजू यादव,सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थिति रहे। सभी ने एकजुट होकर ÷आशीर्वाद का दीया÷ जलाकर आदरणीय प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की एवं संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एवं सहभागिता व्यक्त की।

वरिष्ठ नेता भरत वर्मा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' केवल दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज और संगठन के प्रति सेवा, समर्पण एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता से यह कार्यक्रम जन-जन तक पहुंच रहा है।

इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने आगामी 'सेवा संकल्प अभियान' के कार्यक्रमों को भी उत्साहपूर्वक सफल बनाने का संकल्प लिया।

## कुम्हली में राम सत्ता उद्घाटन समारोह संपन्न, श्रद्धालुओं ने लिया भक्ति आयोजन में हिस्सा



मोहला (दावा)। ग्राम कुम्हली (गोटाटोला) में आयोजित राम सत्ता उद्घाटन समारोह में श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक आस्था और भक्ति से ओतप्रोत इस पावन आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

समारोह में शामिल होकर श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों के साथ इस धार्मिक आयोजन का सहभागी बनने का अवसर प्राप्त हुआ। भगवान श्रीराम की भक्ति और आस्था से जुड़े इस आयोजन ने ग्राम में आध्यात्मिक वातावरण के साथ-साथ सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों के सुखी, समृद्ध एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। आयोजकों एवं ग्रामवासियों ने धार्मिक परंपराओं और सामाजिक एकजुटता को बनाए रखने का संकल्प भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सरपंच जोगेंद्र खड़हा, महेन्द्र पोसार्य, सरवन नायक, राकेश सिंघोडिया, लक्ष्मी नारायण रावते, जगन्नाथ अंधारे, मोतीराम सिंघोडिया, लक्ष्मण पीसदा, नोहर भुआर्य, द्वारका ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आशीर्वाद का दीया' से रोशन हुआ केसीजी पुलिस परिसर



**0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर केसीजी पुलिस ने लिया 'सेवा ही संकल्प' का संकल्प,**
**0 दीप प्रज्वलन के साथ साइबर सुरक्षा और जागरूकता का दिया संदेश**

खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 'सेवा ही संकल्प' की भावना को केंद्र में रखते हुए चष्टत्त पुलिस के समस्त थाना एवं चौकी परिसरों में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दीप प्रज्वलित कर सेवा, समर्पण, जनकल्याण एवं सुरक्षित समाज के प्रति अपने दायित्व और संकल्प को दोहराया। दीप प्रज्वलन के माध्यम से समाज में सुरक्षा, विश्वास, जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रदेशव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' को भी कार्यक्रम से जोड़ा गया। थाना परिसरों में साइबर जागरूकता से संबंधित रंगोली एवं दीप सजाकर नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा OTP एवं PI PIN गोपनीय रखने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, संदिग्ध APK डाउनलोड से बचने तथा मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने की अपील की गई।

साथ ही ऑनलाइन ठगी की स्थिति में बिना विलंब राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने का संदेश दिया गया, ताकि समय रहते ठगी की राशि को रोकने एवं आवश्यक कार्रवाई में सहायता मिल सके। 'आशीर्वाद का दीया' केवल दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता के संकल्प का प्रतीक बना। जिस प्रकार एक दीपक अंधकार को दूर कर प्रकाश फैलाता है, उसी प्रकार जागरूकता और सतर्कता साइबर अपराध के अंधकार को दूर कर नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल जीवन की दिशा में आगे बढ़ाती है।

केसीजी पुलिस का संदेश सेवा का संकल्प,जागरूकता का प्रकाश, सतर्क नागरिक, सुरक्षित समाज...

## प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर जागृति उपभोक्ता भंडार में जला दीप



डोंगरगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर नगर के जागृति उपभोक्ता भंडार क्रमांक 1 व 2 में दीप जलाकर उन्हें शुभकामना प्रेषित किया गया. सोसायटी के कर्मचारियों ने इस अवसर पर काफी उत्साह से दीप प्रज्वलन कर उनके दीर्घ आयु की कामना की. इस अवसर पर बहलराम सिन्हा संचालक, पार्षद गायत्री यादव, विक्रेता भूपेंद्र, विजय साहू, राम प्रसाद, रोहित, लाला सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे.

## भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण और कर्म के प्रतीक हैं - विधायक भोलाराम साहू



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम आंको में विश्वकर्मा जन्मोत्सव एवं मानस समागम समारोह का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। समारोह में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों को विश्वकर्मा जयंती एवं मानस समागम की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण और कर्म के प्रतीक हैं। समाज और देश के विकास में मेहनतकश लोगों, कारीगरों एवं श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि मानस समागम जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में धार्मिक वातावरण के बीच मानस पाठ सहित विभिन्न आयोजन संपन्न हुए। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और भगवान विश्वकर्मा से ग्राम एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। समारोह में चुम्मन साहू, जनपद सदस्य छुरिया, खिलावन साहू, कुंवर सिंह यादव एवं टीकम साहू सहित जय बाबा विश्वकर्मा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### सोने और चांदी में लौटी तेजी, दाम करीब 0.70 प्रतिशत तक बढ़े

मुंबई। सोने और चांदी में शुक्रवार को तेजी देखी गई और शुरुआती कारोबार में दोनों कीमती धातुओं का दाम करीब आधा प्रतिशत तक बढ़ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 अक्टूबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,52,981 रुपए प्रति 10 ग्राम के मुकाबले 1,52,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,52,171 रुपए प्रति 10 ग्राम का न्यूनतम स्तर और 1,53,495 रुपए प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर छुआ है। यह दिखाता है कि सोने में रुझान तेजी का बना हुआ है। सोने के साथ चांदी में भी तेजी देखने को मिली है। चांदी का 5 दिसंबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,38,205 रुपए प्रति किलो के मुकाबले 2,38,478 रुपए प्रति किलो पर खुला। फिलहाल यह 1,557 रुपए या 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,39762 रुपए प्रति किलो पर था।

अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,38,478 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम स्तर और 2,39,954 रुपए प्रति किलो का उच्चतम स्तर छुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,406 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ 66 डॉलर प्रति औंस पर थी।

मार्केट एक्सपर्ट ने कहा कि फेड की ओर से 25 आधार अंक की ब्याज दर बढ़ोतरी उम्मीद के मुताबिक थी, जबकि डॉलर की मजबूती और इक्विटी मार्केट में हालिया गिरावट का असर बुलियन पर पड़ रहा है। आगे चलकर, फेड के फैसले पर अमेरिकी बाजार की प्रतिक्रिया और बॉन्ड की बढ़ी हुई कीमतें सोने के लिए अहम कारक बनी रहेंगी। भारतीय बाजार में सोने की रेंज 1,49,000 रुपए से 1,53,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच रह सकती है।

### पासपोर्ट पर नया नियम लागू : 15 साल से कम उम्र के बच्चों का पासपोर्ट अब 5 साल तक रहेगा वैध

नई दिल्ली। 15 साल से कम उम्र के बच्चों को जारी होने वाले साधारण भारतीय पासपोर्ट अब पांच साल या बच्चे के 18 साल का होने तक, जो भी पहले हो, तक वैध रहेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नए नियमों के तहत यह बदलाव किया गया है।

पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2026, गुरुवार को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है, जो पासपोर्ट नियम, 1980 में संशोधित करता है। संशोधित नियम 12(1ए) के तहत, 15 साल से कम उम्र के बच्चे को जारी किया गया 36 पन्नों वाला साधारण पासपोर्ट जारी होने की तारीख से पांच साल की अवधि तक, या बच्चे के 18 साल की उम्र पूरी होने तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा।

15 सितंबर की अधिसूचना में पासपोर्ट आवेदन शुल्क से संबंधित नियम 8 में भी संशोधन किया गया है, जिसमें कहा गया है कि आवेदन की प्रत्येक श्रेणी के लिए देय शुल्क नियमों की अनुसूची ढ्ढ्ढ में निर्दिष्ट के अनुसार होगा। संशोधित नियम आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू हो गए हैं। विदेश मंत्रालय ने 1 जुलाई से पासपोर्ट से जुड़ी सेवाओं के शुल्क में बढ़ोतरी की थी। बढ़ा हुआ शुल्क नए पासपोर्ट आवेदन, नवीनीकरण, तत्काल सेवाओं, खोए या क्षतिग्रस्त पासपोर्ट के बदले नए पासपोर्ट, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) और अन्य पासपोर्ट से जुड़ी सेवाओं पर लागू है।

### पाकिस्तान : कोहाट जिले की पुलिस लाइंस में धमाका, नमाज के वक्त हुआ फिदायीन हमला; 16 की मौत 25 से ज्यादा घायल

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में शुक्रवार को पुलिस लाइंस में मौजूद मस्जिद के पास हुए विस्फोट में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। जियो न्यूज के मुताबिक, यह धमाका पुलिस लाइंस के परिसर में मौजूद मस्जिद के पास हुआ। स्थानीय मीडिया इस हमले को फिदायीन हमला बता रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बम धमाके के बाद मस्जिद के बाहर फायरिंग भी की गई है। हालांकि, यह सामने नहीं आया है कि हमला किस आतंकी संगठन की ओर से किया गया।

यह धमाका कोहाट जिले में पुरानी पुलिस लाइन्स के पास स्थित मस्जिद में हुआ, जो खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर से दक्षिण-पश्चिम में लगभग 60 किलोमीटर दूर है। विस्फोटकों से भरा एक वाहन मस्जिद के गेट से जा टकराया, जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ। इससे मस्जिद के बाहर एक गड्ढा बन गया। पुलिस ने बताया कि घायलों में पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

## एशियन गेम्स : भारतीय टीम ने जापान को 8 विकेट से रौंदा, सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा मुकाबला




निशिन । भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम ने उम्मीद के मुताबिक जापान पर एकतरफा जीत हासिल की। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। टीम के गेंदबाजों ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के फैसले को सही साबित किया और जापान को 19.5 ओवर में मात्र 57 रन पर समेट दिया।

जापान की तरफ से सलामी बल्लेबाजों हारुना इवासाकी और अयाका काटो स्टेफॉर्ड को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने खड़ी नहीं हो सकी। इवासाकी ने 22 गेंदों पर 10 और अयाका ने 47 गेंदों पर 25 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दो अंकों में प्रवेश नहीं कर सकीं।

भारत की तरफ से श्री चरणी ने एक बार फिर बेहतरीन गेंदबाजी की और 4 ओवर में मात्र 10 रन देकर 4 विकेट हासिल किया। शेफाली वर्मा ने 2 विकेट लिए। श्रेयांका पाटिल और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

58 रन का स्कोर भारतीय टीम ने मात्र 5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाकर हासिल कर लिया। ओपनर शेफाली वर्मा मात्र 15 गेंदों पर 2 छक्के और 6 चौकों की मदद से 40 रन बनाकर रहीं। उनके साथ ऋचा घोष 6 गेंदों पर 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। जी कामालिनी शून्य और भारती फूलमाली 6 रन बनाकर आउट हुईं।

भारत ने 5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीता।

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में 20 सितंबर को भारत का मुकाबला बांग्लादेश को होगा। बांग्लादेश ने चीन के खिलाफ बारिश की वजह से मैच रद्द होने और आईसीसी में चीन से बेहतर रैंक होने के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

## भारत ने मनु भाकर और तेजिंदरपाल तूर के नाम किया बड़ा दायित्व

नई दिल्ली। भारत ने एशियाई खेल 2026 के उद्घाटन समारोह के लिए निशानेबाज मनु भाकर और गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदरपाल सिंह तूर को अपना ध्वजवाहक चुना है। दोनों खिलाड़ी समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करते नजर आएंगे। मनु भाकर और तेजिंदरपाल तूर अपने-अपने खेलों में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। उनके चयन को भारतीय खेल जगत में सम्मान के रूप में देखा जा रहा है।

मनु भाकर भारत की प्रमुख निशानेबाजों में शामिल हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है। शूटिंग में उनकी उपलब्धियों के कारण वह युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनी हैं।

तेजिंदरपाल तूर का शानदार रिकॉर्ड

तेजिंदरपाल सिंह तूर एथलेटिक्स के गोला फेंक स्पर्धा के अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने एशियाई स्तर पर कई बार पदक जीतकर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनका चयन भारतीय दल में एथलेटिक्स की मजबूत मौजूदगी को भी दर्शाता है।

ध्वजवाहक बनना किसी भी खिलाड़ी के लिए खास सम्मान माना जाता है। उद्घाटन समारोह में दोनों खिलाड़ी तिरंगे के साथ भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। एशियाई खेलों में भारत के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में पदक की उम्मीदों के साथ उतरेंगे।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट से पहले बड़ा बदलाव रांची मैच की जगह पर फैसला संभव

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (क्वत्रञ्ज) 2027 के दौरान रांची में होने वाले टेस्ट मैच के आयोजन स्थल को लेकर बदलाव की संभावना जताई जा रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और सपोर्ट स्टाफ की ओर से कुछ चिंताएं सामने आने के बाद वेन्यू को लेकर चर्चा शुरू हुई है। रांची का छ्वस्ष्ट्र इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स पहले टेस्ट मैच की मेजबानी के संभावित स्थलों में शामिल था, लेकिन अब आयोजन को लेकर नए विकल्पों पर विचार किया जा सकता है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, टीम मैनेजमेंट टेस्ट क्रिकेट के लिए ऐसी परिस्थितियां चाहता है जहां खिलाड़ियों को संतुलित चुनौती मिले। पिच की गुणवत्ता, मौसम और मैच के दौरान मिलने वाली सुविधाओं को लेकर समीक्षा की जा रही है। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज को देखते हुए बीसीसीआई आयोजन स्थलों की तैयारियों पर विशेष ध्यान दे रहा है।

रांची का छ्वस्ष्ट्र स्टेडियम भारतीय क्रिकेट के प्रमुख मैदानों में शामिल है। यहां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2017 में टेस्ट मैच भी खेला गया था, जो ड्रॉ रहा था।पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का गृह शहर होने के कारण रांची क्रिकेट प्रशंसकों के बीच खास पहचान रखता है।

वेन्यू बदलने का अंतिम निर्णय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की समीक्षा के बाद लिया जाएगा।

## एशियन गेम्स : क्विमसी ने टेकबॉल के सेमीफाइनल में जगह बनाई, पदक से एक जीत दूर



नागोया। पहली बार खेल रही भारतीय क्विमसी जोआकिम डिसूजा ने टेकबॉल विमेंस सिंगल्स इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नागोया सिटी हिगाशी स्पोर्ट्स सेंटर में ग्रुप ए में कंबोडिया की कोएम्यान डीवाई पर 2-0 से जीत हासिल की। क्विमसी ने अपने ग्रुप ए के पहले मैच में जापान की युइना सकामोटो को 10-11, 12-11, 13-11 से हराकर 12-7 कोएम्यान पर 12-9 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, क्विमसी ने विमेंस सिंगल्स इवेंट के सेमीफाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है, जो उनके एशियन गेम्स डेब्यू में एक बड़ी कामयाबी है। अब उनका मुकाबला सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की इमा सुमाया से होगा, जहां जीत से उनका पदक पक्का हो जाएगा।

क्विमसी ने मोहम्मद अनस इमरान बेग के साथ मिक्स्ड डबल्स इवेंट में अपने ग्रुप ए के पहले मैच में फिलीपींस की जोआना अबुलेंसिया और प्रिंस अगस्टिन की जोड़ी को हराया।

इसके बाद, भारतीय जोड़ी अपने दूसरे ग्रुप गेम में कंबोडिया की बुन थूनविरेक और योर्न सोफोर्नराक्समी की जोड़ी के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद उनका मैच थाई जोड़ी डेजारोन फाकपोंग और वोंगखामचन सुफावादी से होगा और फिर उनका ग्रुप स्टेज कुवैत के अलेब्राहीन सलमान और अलफैलाकॉ हेसा के खिलाफ मैच के साथ खत्म होगा।

इसके पहले, डेक्लान मार्शल गोंसाल्वेस और मोहम्मद अनस इमरान बेग की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी गुरुवार को कॉन्टिनेंटल गेम्स में एक्शन में आने वाले देश के पहले एथलीट बन गए।

गोंसाल्वेस और बेग पहले से ही वर्ल्ड चैंपियनशिप के मेडलिस्ट हैं। उन्होंने वियतनाम में 2024 एडिशन में मेन्स डबल्स में कांस्य पदक जीता था।

लेकिन यह जोड़ी अपने दोनों ग्रुप गेम हार गई, जिसमें वे वियतनाम के ट्रुओंग गियांग बा और एन खोआ ले से 2-0 से हार गए, और फिर रिपब्लिक ऑफ कोरिया के जुनसुक ली और ताएबीन ली से हार गए।

## रोहित शर्मा ने शिखर धवन को बताया अपना जिगरी दोस्त



मुंबई। इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व ओपनिंग पार्टनर शिखर धवन की जोड़ी ने क्रिकेट के मैदान पर कई यादगार पारियां खेली हैं। अब रोहित शर्मा ने शिखर धवन के साथ अपने इसी खास रिश्ते को याद किया। उन्होंने बताया कि धवन के साथ उनकी दोस्ती बाकी साथियों से थोड़ी अलग रही है, क्योंकि दोनों ने बहुत कम उम्र में साथ खेलना शुरू कर दिया था। दरअसल, शिखर धवन, रोहित शर्मा के शो फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा में स्पेशल गेस्ट बनकर पहुंचे। इस दौरान रोहित ने अपने पुराने दोस्त का स्वागत करते हुए उनके साथ बिताए क्रिकेट के दिनों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत में ही रोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आज वह कुछ ज्यादा ही तरोताजा महसूस कर रहे हैं, क्योंकि उनका जिगरी दोस्त आने वाला है। रोहित ने हंसते हुए कहा, मैं भी बहुत फ्रेश लग रहा हूं, क्योंकि मेरा जिगरी दोस्त आ रहा है, भाई। इसके बाद उन्होंने दर्शकों से दोस्ती के मतलब को लेकर बात की और अपने अंदाज में बताया कि उनके लिए सच्चा दोस्त कैसा होता है।

रोहित ने कहा, दोस्त ऐसा होना चाहिए, जो रेस्तरां में बिल देने का समय आते ही अचानक जरूरी फोन आने की बात कहकर वहां से निकल जाए। आजकल दोस्त एक-दूसरे को मीम और रील भेजकर जुड़े रहते हैं, लेकिन मेरा एक ऐसा दोस्त आने वाला है, जिसके साथ मैंने इससे कहीं ज्यादा चीजें साझा की हैं। रोहित ने कहा, उसके साथ मैंने ड्रेसिंग रूम साझा किया है, जीत साझा की है, हार साझा की है, दबाव साझा किया है और ओपनिंग भी साझा की है। इसके बाद रोहित ने बताया कि शिखर धवन के साथ उनका रिश्ता बाकी साथियों से अलग क्यों रहा। उन्होंने कहा, सबके साथ दोस्ती होती है, फ्रेंडशिप सब कुछ होती है, लेकिन जो आ रहा है ना, उसके साथ मेरी थोड़ी अलग बॉन्डिंग रही है।

## बेन सॉयर ने चार साल के कार्यकाल के बाद न्यूजीलैंड महिला टीम के हेड कोच का पद छोड़ा




नई दिल्ली। बेन सॉयर ने न्यूजीलैंड महिला टीम के हेड कोच का पद छोड़ दिया है। वह इस पद पर चार साल तक रहे। सॉयर को जून 2022 में न्यूजीलैंड महिला टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया था। उनका अनुबंध दिसंबर 2026 में खत्म होने वाला था।

हाई-परफॉर्मेंस स्ट्रक्चर की समीक्षा प्रक्रिया के बाद उनके अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया। बेन सॉयर ने अपनी कोचिंग में न्यूजीलैंड महिला टीम को 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक और टी20 विश्व कप 2024 का खिताब दिलाया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के हवाले से सॉयर ने कहा, व्हाइट फर्न्स (न्यूजीलैंड महिला टीम) का कोच बनना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है। मैं इस ग्रुप को लीड करने का मौका पाकर बहुत आभारी हूं। यह टीम मेरे लिए बहुत मायने रखती है। पिछले चार सालों में हमने जो हासिल किया है। उस पर मुझे सच में गर्व है। मैं टीम छोड़ने से निराश हूं, लेकिन मैं टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के चीफ हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट ऑफिसर, डेरिल गिब्सन ने सॉयर के कार्यकाल पर कहा, बेन ने व्हाइट फर्न्स के लिए काफी बदलाव और तरक्की का दौर देखा है। हम महिलाओं के खेल में उनकी प्रतिबद्धता, पेशेवर रवैये और समय के लिए बहुत आभारी हैं। गिब्सन ने कहा, यह एक मुश्किल फैसला था जो हल्के में नहीं लिया गया था, लेकिन यह हमारे इस विचार को दिखाता है कि व्हाइट फर्न्स के सफर के अगले पड़ाव में प्रोग्राम की भविष्य की दिशा को सपोर्ट करने के लिए एक अलग नेतृत्व की जरूरत है। न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान अमेलिया केर ने कहा, हम बेन और इस टीम में उन्होंने जो कुछ भी डाला है, उसके लिए बहुत आभारी हैं। उनकी तैयारी सबसे अच्छी थी।

**उपचुनावः नंदीग्राम के कांग्रेस प्रत्याशी गिरफ्तार...**

ममता बनर्जी ने इस दौरान बीजेपी पर भी निशाना साधा। उन्होंने बीजेपी को जुमला पार्टी और झूठी बीजेपी पार्टी कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र, संविधान और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ममता ने यह भी कहा कि जो लोग बीजेपी के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। ये ममता बनर्जी के आरोप और राजनीतिक बयान हैं; इन्हें उसी रूप में देखा जाना चाहिए।

0 नंदीग्राम में कांग्रेस उम्मीदवार गिरफ्तारः नंदीग्राम उपचुनाव में ममता बनर्जी के गुट की ओर से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें 2007 में नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण के विरोध में हुए आंदोलन के दौरान हुई हत्या के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है। मिलन प्रधान की गिरफ्तारी उस घटनाक्रम के कुछ घंटे बाद हुई, जब ममता बनर्जी ने नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया था। इससे पहले ममता गुट की प्रत्याशी संचिता प्रधान डे ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। मौजूदा पैकेज में भी यह दर्ज है कि संचिता के हटने के बाद ममता गुट का नंदीग्राम में अपना उम्मीदवार नहीं रहेगा।

0 संचिता की शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात भी चर्चा मेंः नामांकन वापस लेने से पहले संचिता प्रधान की पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात हुई थी। रिपोर्टों के मुताबिक यह मुलाकात नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय में हुई। इसके बाद उनके नामांकन वापस लेने की खबर सामने आई। मुलाकात और नामांकन वापसी के बीच समय को लेकर राजनीतिक चर्चा जरूर हुई है, लेकिन संचिता प्रधान ने सार्वजनिक तौर पर अपने नामांकन वापस लेने की वजह स्पष्ट नहीं की है। इसलिए इस मुलाकात को नामांकन वापसी का कारण बताना उचित नहीं होगा।

0 TMC को मिला नया नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' सिंबलः नंदीग्राम में यह घटनाक्रम ऐसे दिन हुआ जब चुनाव आयोग ने TMC के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों के लिए नए नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' चुनाव चिह्न दिया गया है। दूसरे गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चुनाव चिह्न मिला है। चुनाव आयोग ने दोनों गुटों को पश्चिम बंगाल, मेघालय और त्रिपुरा में इस अंतरिम व्यवस्था के तहत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के रूप में माना है।

0 पुराने टीएमसी नाम और 'फूल-घास' सिंबल पर रोकः इससे एक दिन पहले चुनाव आयोग ने दोनों गुटों को आगामी उपचुनावों में 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और उसके पारंपरिक 'फूल और घास' चुनाव चिह्न के इस्तेमाल से रोक दिया था। आयोग ने दोनों पक्षों से नए पार्टी नाम और उपलब्ध चुनाव चिह्नों के विकल्प मांगे थे। इसके बाद 18 सितंबर को दोनों गुटों के लिए अलग नाम और सिंबल तय किए गए। यह व्यवस्था फिलहाल उपचुनावों के लिए अंतरिम है। मूल पार्टी नाम और चुनाव चिह्न पर दोनों गुटों के दावों का अंतिम निपटारा अभी बाकी है।

0 अब नंदीग्राम में कौन-कौन मैदान में? संचिता प्रधान के नामांकन वापस लेने के बाद नंदीग्राम में ममता गुट का उम्मीदवार नहीं रहेगा। फिलहाल नंदीग्राम में कांग्रेस के मिलन प्रधान, दूसरे TMC गुट के मोहम्मद एतेशामुल हक और अन्य उम्मीदवार मैदान में हैं। ममता बनर्जी ने अपने गुट की ओर से कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया है।

0 6 अक्टूबर को होगा नंदीग्राम उपचुनावः नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर 6 अक्टूबर 2026 को मतदान होगा। मतगणना 9 अक्टूबर को निर्धारित है। नंदीग्राम में अब ममता गुट के उम्मीदवार के हटने और कांग्रेस को समर्थन देने के बाद मुकाबले की तस्वीर बदल गई है। दूसरी ओर, TMC के दो गुटों को मिले नए नाम और चुनाव चिह्न भी इन उपचुनावों में पहली बार इस्तेमाल होंगे।

**देश की जीडीपी पर मूडीज....**

खाद्य महंगाई बढ़ने से लोगों की खरीदारी क्षमता और निजी खपत प्रभावित हो सकती है, जिसका असर आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ सकता है. मूडीज ने भारत की 'Baa3 रेटिंग की समीक्षा के दौरान कर्ज

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

से जुड़ी चुनौतियों का भी जिक्र किया है. एजेंसी के मुताबिक भारत में कर्ज घटने की गति धीमी रहने और कर्ज चुकाने की क्षमता कमजोर रहने का अनुमान है. इसका मुख्य कारण देश पर कर्ज का अपेक्षाकृत अधिक बोझ और ब्याज लागत का ऊंचा स्तर है. मूडीज का अनुमान है कि भारत की अर्थव्यवस्था अन्य जी 20 देशों और समान रेटिंग वाले उभरते बाजारों की तुलना में तेज गति से बढ़ सकती है. इस महीने की शुरुआत में जापान की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी JCR ने भी भारत की रेटिंग बढ़ाकर A-% कर दी थी. एजेंसी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और मजबूत वित्तीय प्रणाली को इसके पीछे प्रमुख कारण बताया था.

**ममता बनर्जी की पार्टी का नाम ममता....**

ने शुक्रवार को अपना नाम वापस ले लिया। टीएमसी के पास कुल 28 लोकसभा सांसद थे, जिसमें से 20 अलग हो गए हैं। अब लोकसभा में ममता के पास सिर्फ 8 सांसद बचे हैं। राज्यसभा की बात करें तो 13 में से दो सांसद इस्तीफा दे चुके हैं यानी सिर्फ 11 राज्यसभा सांसद बचे हैं। विधानसभा की बात करें तो टीएमसी ने इस बार के चुनाव में 80 सीटें जीतीं थीं। जिसमें से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। ममता के पास सिर्फ 22 विधायक बचे हैं।

**पाटन चुनाव याचिकाः हाईकोर्ट ने....**

वकीलों की दलीलें सुनीं। आवेदन में विजय बघेल की चुनाव याचिका को निर्धारित समय सीमा के बाद दायर बताते हुए खारिज करने की मांग की गई थी। वहीं, विजय बघेल की ओर से भी इस पर अपना पक्ष रखा गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने भूपेश बघेल की ओर से लगाए गए आवेदन को खारिज कर दिया। इसके साथ ही विजय बघेल की चुनाव याचिका पर आगे की न्यायिक प्रक्रिया जारी रखने का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद अब सांसद विजय बघेल की गवाही की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। 5 अक्टूबर को विजय बघेल कोर्ट में उपस्थित होकर अपना सबूत पेश करेंगे। इसके बाद मामले में आगे जिरह की प्रक्रिया भी होगी। इससे पहले गवाही की प्रक्रिया के दौरान ही भूपेश बघेल की ओर से यह आवेदन लगाया गया था। आवेदन पर सुनवाई के चलते गवाही की प्रक्रिया प्रभावित हुई थी। अब हाईकोर्ट के आवेदन खारिज करने के बाद चुनाव याचिका पर सुनवाई आगे बढ़ सकेगी।

**पंजाब में बीजेपी की नशा मुक्त यात्रा से....**

कर रहे हैं और उन्हें पार्टी में शामिल कर रहे हैं, यहां तक कि उन्हें अलग-अलग इलाकों में पार्टी के प्रतिनिधि के तौर पर पेश कर रहे हैं। यहां और क्या हो सकता है? हत्याओं के अलावा और कुछ नहीं होगा। और आज सिर्फ ASI हरजीत सिंह की ही हत्या नहीं हुई। कुछ महीने पहले मजीठा में एक और ASI की हत्या कर दी गई थी। उससे पहले, राजासांसी में एक ASI पर हमला हुआ था। किस्मत से, गोलीबारी वाले जानलेवा हमले में वे बच गए। लेकिन जब सुरक्षा देने वाले खुद ही सुरक्षित नहीं हैं, तो वे किसी और की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं?

**एलआईसीः 2,684 करोड़ रुपये के नुकसान...**

नुकसान हुआ, जबकि आरोपियों को कथित तौर पर इतनी ही राशि का फायदा हुआ।

0 सरकारी अधिकारियों की भूमिका की भी होगी जांचः सीबीआई ने कहा है कि मामले में सरकारी अधिकारियों और निजी व्यक्तियों समेत सभी संबंधित लोगों की भूमिका की जांच की जाएगी। जांच में कथित आपराधिक साजिश, निवेश किए गए पैसों के अंतिम इस्तेमाल और फंड के संभावित डायवर्जन का पता लगाया जाएगा। एजेंसी के मुताबिक, जांच के दौरान यह भी पता लगाया जाएगा कि निवेश से जुड़ी प्रक्रिया में कौन-कौन लोग शामिल थे और फंड का इस्तेमाल आखिर कहां किया गया।

**इंडिया-भूटान के बीच मजबूत हुई दोस्ती....**

संयुक्त बयान में दोनों देशों ने भूटान में ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 4000 करोड़ रुपये की रियायती लाइन ऑफ क्रेडिट के समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत किया। साथ ही भूटान की जलविद्युत परियोजनाओं में भारतीय कंपनियों की सक्रिय भागीदारी का भी स्वागत किया। बयान के अनुसार, इससे दोनों देशों के मौजूदा ऊर्जा सहयोग को नई गति मिली है।

**आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20वें रोजगार मेले....**

नियुक्त अभ्यर्थी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इन्हीं विभागों से करीब 90 अन्य अभ्यर्थी भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि तोखन साहू द्वारा मंच से लगभग 25 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके बाद अन्य अभ्यर्थियों को संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। मुख्य आयकर आयुक्त, रायपुर श्री संजीव, आईआरएस द्वारा तोखन साहू को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के गायन से होगी। इसके पश्चात स्वागत संबोधन और मुख्य अतिथि का संबोधन होगा। दोपहर 12.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। रोजगार मेले पर लघु फिल्म के प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री रिमोट बटन के माध्यम से रोजगार मेले का शुभारंभ करेंगे और नव नियुक्त युवाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के ऑनलाइन कार्यक्रम के पश्चात श्री तोखन साहू द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

20वें रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 45 स्थानों पर किया जा रहा है। इसके माध्यम से राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, रक्षा मंत्रालय सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

20वें रोजगार मेले के साथ विभिन्न सरकारी विभागों एवं संगठनों में लगभग 12.75 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके होंगे। रोजगार मेला युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने तथा उन्हें सरकारी सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। यह पहल युवाओं की सरकारी सेवाओं में भागीदारी बढ़ाने और उन्हें देश की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर छुईखदान में जला 'आशीर्वाद का दीया'



अटल परिसर में दीप प्रज्ज्वलित कर की गई दीर्घायु की कामना, सेवा पखवाड़े के तहत हुआ आयोजन

छुईखदान (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नगर के अटल परिसर, जयस्तंभ चौक में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर दीप प्रज्ज्वलित किए और प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की। भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा एवं जनभागीदारी अभियान की कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। अटल परिसर में दीपों की रोशनी के बीच उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी और राष्ट्र सेवा, जनकल्याण तथा समाजहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित है। उनके जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाकर समाज में सकारात्मक संदेश देने और अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी भावना पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजन में नगर के वरिष्ठ नागरिक, प्रबुद्धजन और बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की जिला संयोजक बनीं श्रीमती शीतला बंधे



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ, जिला राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने संगठन को मजबूत करने तथा संघ की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए श्रीमती शीतला बंधे, शिक्षिका, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बीजेभाठा को संघ के जिला संयोजक पद पर नियुक्त किया है।

श्रीमती शीतला बंधे की संगठन के प्रति सक्रियता, कर्मठता एवं शिक्षकों के हितों के प्रति उनकी तत्परता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। श्री विष्णु शर्मा ने कहा कि श्रीमती बंधे के संगठन से जुड़ने एवं जिला संयोजक का दायित्व संभालने से संघ की गतिविधियों को मजबूती मिलेगी तथा शिक्षकों के हितों की आवाज को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में सहयोग प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ, जिला-राजनंदगांव की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। संघ के जिला अध्यक्ष श्री विष्णु शर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, श्रीमती शीतला बंधे को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ राजनंदगांव का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। श्रीमती शीतला बंधे वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बीजेभांठा, विकासखंड-डोंगरगांव, जिला-राजनंदगांव में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

संघ के प्रांतीय महासभा की बैठक में पारित प्रस्ताव और शक्तियों का प्रयोग करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।यह नियुक्ति आगामी निर्वाचन या तीन वर्ष की अवधि (शुरुआती 2 वर्ष और परिस्थिति अनुसार 3 वर्ष तक विस्तार योग्य) के लिए की गई है। नवनियुक्त जिला संयोजक श्रीमती शीतला बंधे अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत संघ की समस्त गतिविधियों का संचालन करेंगी और संगठन के प्रति उत्तरदायी रहेंगी।

# मोतीपुर से श्री लक्ष्मीनारायण 108 कुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा

## महामंडलेश्वर राष्ट्रीय संत इंद्रदेवेश्वरानंद सरस्वती के हाथों कथा स्थल का होगा भूमिपूजन 24 को



राजनांदगांव (दावा)। शहर के पटरी पार क्षेत्र मोतीपुर में आगामी 24 सितंबर से राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर इंद्रदेवेश्वरानंद सरस्वती के मुखारविंद से गृह शांति श्री लक्ष्मी नारायण 108 कुंडली महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। महापौर मधुसूदन यादव के संरक्षकत्व में आयोजित होने जा रहे इस श्रीमद भागवत कथा एवं महायज्ञ कार्यक्रम के प्रभारी सावन वर्मा (पार्षद) है।

आयोजनकर्ता जय महेश सिन्हा व श्रीमती ललिता सिन्हा ने बताया मोतीपुर स्कूल मैदान में होने जा रहे उक्त धार्मिक आयोजन का भूमिपूजन कार्यक्रम 24 सितंबर गुरुवार की सुबह 10 बजे आयोजित है।

कार्यक्रम से जुड़े दिनेश शर्मा ने बताया कि संत इंद्रदेवेश्वरानंद सरस्वती के हाथों भूमिपूजन के पश्चात दोपहर 2 बजे से प्रीतिभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में सभी धर्म प्रेमी श्रद्धालुजनों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# मन की डोर प्रभु को सौंप दें तो भवसागर से पार लग जाएगी जीवन की नैया - पं. बांकेबिहारी गोस्वामी

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय श्री अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिवस वृंदावन के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. बांकेबिहारी गोस्वामी ने भावपूर्ण कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि यह संसार एक सागर है, जिसमें हमारा शरीर नौका और मन उसकी पतवार व डोर है। जब जीव अपने मन की डोर परमेश्वर के हाथों में सौंप देता है, तो उसकी नैया कभी डूबती नहीं और सहज ही भवसागर से पार हो जाती है।

### सनातन धर्म के 20 नियमों और चारों आश्रमों की व्याख्या

आचार्यश्री ने सनातन धर्म के मूल स्वरूप को रेखांकित करते हुए इसके 20 साधारण नियमों–सत्य आचरण, दया, दान, अहिंसा, स्वाध्याय, संतोष, परोपकार, प्राणी मात्र में परमात्मा का दर्शन और नवधा भक्ति का विस्तार से वर्णन किया। जीवन के चार आश्रमों (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास) पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि गृहस्थ आश्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें पारिवारिक दायित्वों का पालन करते हुए धर्म, जप-तप और भगवत भक्ति से मोक्ष की शीघ्र प्राप्ति होती है।



अग्रसेन भवन में भागवत कथा का चतुर्थ दिवस : श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु, वामन व मोहिनी अवतार की सजीव झांकियों ने मोहा मन
व्यासपीठ से हुई सनातन धर्म के नियमों एवं पितृ श्राद्ध विधान की विस्तृत मीमांसा

श्राद्ध कर्म में तिथि और नियमों का रखें विशेष ध्यान पितृ मोक्षार्थ आयोजित इस कथा में श्राद्ध कर्म के शास्त्रीय विधान समझाते हुए आचार्यश्री ने बताया कि श्राद्ध सदैव मृत्यु तिथि के अनुसार ही करना चाहिए, अंतिम संस्कार (दाग) तिथि के अनुसार नहीं। गलत तिथि पर श्राद्ध करने से पितृ अतृप्त रह जाते हैं, जिसका दुष्प्रभाव जीवन में धनाभाव व अस्वस्थता के रूप में मिलता है। उन्होंने कहा कि एकादशी को देह त्यागने वालों का श्राद्ध द्वादशी को करना चाहिए, क्योंकि एकादशी के दिन अन्न ग्रहण करना व कराना वर्जित है। उन्होंने बताया कि पितरों को गाय के दूध की खीर, तिलयुक्त जल से तर्पण और दौहित्र (नाती) द्वारा भोजन ग्रहण करना सर्वाधिक प्रिय है। श्राद्ध में उड़द दाल व तोरई की सब्जी का विशेष महत्व है, जबकि चने के बेसन का उपयोग वर्जित बताया गया है (यद्यपि बेसन के लड्डू मान्य हैं)।

### धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, सजीव झांकियों ने बांधा समां

कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए आचार्यश्री ने कच्छप, मत्स्य, गंगा अवतरण और समुद्र मंथन की अमृत कथा सुनाई। समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों और भगवान के मोहिनी स्वरूप का सुंदर वर्णन किया गया।

# चिचोला चौकी पुलिस की त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई से बची अधेड़ की जिंदगी

राजनांदगांव (दावा)। चिचोला चौकी पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित एक्शन का परिचय देते हुए पेड़ पर चढ़कर आत्महत्या का प्रयास कर रहे एक अधेड़ व्यक्ति की जान बचा ली। पुलिस की समय पर की गई इस सूझबूझ भरी कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला किया और पेड़ पर चढ़ गया। इसी दौरान उसने चिचोला पुलिस चौकी में फोन कर कहा कि 'मैं आत्महत्या कर रहा हूं।' सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी निरीक्षक मुकेश्वर ध्रुव, आरक्षक गजेंद्र भारद्वाज और रमेश कतलाम तत्काल हरकत में आए।

कॉल करने वाला व्यक्ति अपनी सटीक जगह की जानकारी नहीं दे पा रहा था। ऐसे में पुलिस ने बिना समय गंवाए साइबर सेल की तकनीकी मदद ली और मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस टीम ने देखा कि लगभग 45 से 50 वर्ष का व्यक्ति पेड़ पर चढ़ा हुआ था और गले में गमछा लपेटकर फांसी लगाने की कोशिश कर रहा था।



कॉल के बाद साइबर सेल की मदद से ट्रेस की लोकेशन, पेड़ पर गमछे से फांसी लगाने की कोशिश कर रहा था व्यक्ति

पुलिस कर्मियों ने अत्यधिक धैर्य और संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे शांत कराया और समझाइश देकर सकुशल पेड़ से नीचे उतारा। इसके बाद उसे सुरक्षित चौकी लाया गया और परिजनों को बुलाकर समझाइश के बाद उनके सुपुर्द कर दिया गया। यदि पुलिस टीम तकनीकी तत्परता दिखाते हुए मौके पर समय रहते न पहुंचती, तो कोई बड़ी अनहोनी घट सकती थी।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता : जीतू ने रग्बी में कांस्य व भोजराम ने गतका में जीता रजत पदक

**डोंगरगढ़ (दावा)। बलौदाबाजार जिले के कसडोल में 8 से 11 सितंबर 2026 तक आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव (डोंगरगढ़) के विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए हैं।**



शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित छात्रों ने स्वप्रेरणा से मनाया शिक्षक दिवस

प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव के 12वीं कक्षा के छात्र जीतू पटेल का चयन रग्बी स्पर्धा के लिए तथा 12वीं के ही छात्र भोजराम यादव का चयन गतका खेल के लिए हुआ था। कसडोल में संपन्न इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में जीतू पटेल ने रग्बी में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) हासिल किया। वहीं भोजराम यादव ने पारंपरिक मार्शल आर्ट गतका में धुआंधार प्रदर्शन कर रजत पदक (सिल्वर मेडल) पर कब्जा जमाया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र व विद्यालय में हर्ष का माहौल है।

### शुभकामनाओं का लगा तांता

खिलाड़ियों की इस गौरवशाली उपलब्धि पर ग्राम पंचायत बेलगांव के सरपंच कौशल चंद्रवंशी, उपसरपंच योगेश साहू, शाला विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव के अध्यक्ष धरमचंद वर्मा, उपाध्यक्ष बृजभान लहरे, पूर्व सरपंच छबील साहू, नीरज शर्मा, समस्त पंचगण, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव की प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा मारघाड़े, कक्षा शिक्षक, समस्त स्टाफ, ग्रामवासियों और सहपाठियों ने बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# दानवीर भामाशाह सम्मान के लिए प्रतिष्ठियां 30 सितम्बर तक आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्योत्सव 2026 के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले दानवीर भामाशाह सम्मान के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले दानवीर भामाशाह सम्मान के लिए इच्छुक व्यक्ति या संस्था निर्धारित प्रारूप में प्रविष्टियां 30 सितम्बर 2026 तक कार्यालयीन समय पर जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 5 में प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# वाटर कूलर खरीदा, सिस्टम लगाना भूले!

## खपरी खुर्द प्राथमिक शाला में महीनों से शोपीस बना कूलर, हैंडपंप के पानी से प्यास बुझा रहे मासूम

## ० पंचायत ने खरीदी तो कर ली, पर पानी की लाइन व बिजली कनेक्शन देना भूल गए जिम्मेदार

### सरपंच से कई बार कहा, पर नहीं लगा सिस्टम : प्रधान पाठक

ठेलकाडीह (दावा)। ग्राम पंचायत खपरी खुर्द के प्राथमिक स्कूल में बच्चों को शुद्ध और ठंडा पेयजल मुहैया कराने की योजना प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। पंचायत द्वारा स्कूल में वाटर कूलर तो भिजवा दिया गया, लेकिन उसे चालू करने के लिए जरूरी पाइपलाइन, विद्युत कनेक्शन और इंस्टॉलेशन की व्यवस्था महीनों बाद भी पूरी नहीं की जा सकी।

नतीजा यह है कि शासकीय राशि खर्च होने के बावजूद उपकरण केवल एक शोपीस बनकर धूल फांक रहा है और बच्चे मजबूरी में हैंडपंप का पानी पीने को विवश हैं। स्कूल में रखा यह वाटर कूलर जिम्मेदारों की आधी-अधूरी कार्यप्रणाली की हकीकत खुद बयां कर रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि जब संचालन की बुनियादी तैयारी ही नहीं थी, तो आनन-फानन में खरीदी कर उपकरण को स्कूल में लावारिस हालत में क्यों छोड़ दिया गया?

स्कूल के प्रधान पाठक ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि पंचायत के माध्यम से यह वाटर कूलर मार्च-अप्रैल के दौरान स्कूल को सौंपा गया था। इसे विधिवत फिट कराने और चालू करने के लिए सरपंच से कई बार मौखिक व लिखित अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई पहल नहीं हुई। मजबूरी में विद्यार्थियों को रोजमर्रा की जरूरतों और प्यास बुझाने के लिए हैंडपंप पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है।

### सरकारी राशि के सदुपयोग पर उठ रहे सवाल

उपकरण खरीदकर महीनों तक उपयोग में न लाए जाने को लेकर ग्रामीणों में भी गहरा रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की राशि से की गई इस खरीदी का क्या औचित्य, जब बच्चों को उसका लाभ ही न मिले? ग्रामीणों ने मांग उठाई है कि वाटर कूलर की खरीद, बिल-वाउचर, भुगतान प्रक्रिया और इंस्टॉलेशन बजट की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### अहम सवाल

जब पानी और बिजली का सिस्टम ही नहीं था, तो सिर्फ खरीदी की औपचारिकता क्यों निभाई गई?

सरकारी मद की राशि खर्च करने के बाद क्या बच्चों तक वास्तविक सुविधा पहुंचाना पंचायत की जिम्मेदारी नहीं है?

# छुरिया नवपदस्थ बीईओ जितेन्द्र उइके से मिला फेडरेशन

बांधाबाजार (दावा)। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष कीरत कुमार गणवीर के नेत्तृत्व में फेडरेशन के पदाधिकारियों सहित विकासखण्ड कार्यालय छुरिया मे नवपदस्थ श्रीमान् जितेंद्र कुमार उइके बीईओ छुरिया को सौजन्य भेंट कर उनका बुके भेंटकर आत्मीय स्वागत किया और विकासखण्ड में शिक्षक शिक्षिकाओं के लंम्बित मांगो को लेकर ज्ञापन सौपते हुए विस्तृत चर्चा किया। संगठन के पदाधिकारियों ने ब्लॉक की शैक्षणिक व्यवस्था एवं शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से नवपदस्थ अधिकारी को अवगत कराया। साथ ही ब्लॉक में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर वातावरण निर्मित करने तथा शिक्षकों से संबंधित विषयों के सकारात्मक समाधान के लिए संगठन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि ब्लॉक में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए विभाग और शिक्षक संगठनों के बीच बेहतर समन्वय से काम करेंगे। नवपदस्थ अधिकारियों ने संगठन द्वारा रखे गए विषयों को गंभीरता से सुना तथा सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।



इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कीरत कुमार गणवीर, नरेन्द्र कुमार साहू ब्लॉक उपाध्याय, उमाशंकर साहू, बनेश मेश्राम,ब्लॉक सचिव, राकेश कुमार खोब्रागढे, गौकरण सिन्हा कोषाध्यक्ष ,अश्वनी साहू, सुरेश कुमार साहू, मिडिया प्रभारी, चेतन प्रसाद दुबे ब्लॉक संयोजक, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष इरफाना शबनम, उपाध्याय रीना नांदेश्वर, सचिव पद्मा सेवता, रत्नादीपा, कोसरिया, चमेली देवांगन, प्रभा साहू, प्रभा मंडावी, राममनोहर देवांगन, परमेश्वर चन्द्रवंशी, विभोर अग्रवाल जनेश्वर साहू, दिनेश कुमार कोसा, लूटकर साहू सुरेन्द्र कुमार घावडे, कार्तिकराम धृतलहरे, लूनकरण साहू संगठन के पदाधिकारी शिक्षक, शिक्षिकाऐ उपस्थित रहे।

# सेवा संकल्प अभियानः मोतीपुर निवासी अजय महोबे जूता-चप्पल व्यवसाय कर हुआ आत्मनिर्भर

प्रधानमंत्री स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर्स योजना अंतर्गत ऋण लेकर उठाया लाभ



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर्स योजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ लेने शहरी पथ विक्रेता ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बन रहे है। राजनांदगांव निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स भी इसका लाभ उठा रहे है। मोतीपुर निवासी अजय महोबे को योजना की जानकारी मिलते ही उसने ऑनलाईन आवेदन कर पंजाब नेशनल बैंक से ऋण प्राप्त कर महावीर चैक के पास जूता-चप्पल का व्यवसाय शुरू किया। व्यवसाय करने अजय महोबे ने 10 हजार रूपये का प्रथम किश्त लिया। व्यवसाय में मुनाफा होने पर उन्होंने ऋण अदायगी कर द्वितीय किश्त 20 हजार रूपये ऋण लिया और व्यवसाय में लाभ होता देख द्वितीय किश्त जमा कर तृतीय किश्त 50 हजार रूपये ऋण लेकर अपने व्यवसाय में वृद्धि किए। अजय महोबे ने बताया कि उसे अपने परिवार का पालन पोषण करने में आर्थिक कठिनाई का सामना करना पडता था, बच्चों के पढ़ाई की चिन्ता रहती थी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से ऋण लेकर अपना जूता-चप्पल बेचने का

# बबीता कुलदीप के नेतृत्व में मनाया तीज पर्व

राजनांदगांव (दावा)। स्टेशनपारा वार्ड क्रमांक 11 में तीज पर्व श्रद्धा, उमंग और पारिवारिक एकता के साथ मनाया गया। समाज अध्यक्ष श्रीमती बबीता विनोद कुलदीप के नेतृत्व में आयोजित तीज पर्व में परिवार की बेटी, बहू, सास, देवरानी, नंद सहित मोहल्ले की बेटियों और सहेलियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। महिलाओं ने उपवास रखकर तीज माता की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। तीज पर्व महिलाओं के लिए आस्था, प्रेम, समर्पण और पारिवारिक सौहार्द का विशेष पर्व माना जाता है। इसी भावना के साथ स्टेशनपारा वार्ड क्रमांक 11 में महिलाओं ने मिल-जुलकर तीज पर्व की खुशियां साझा कीं। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। महिलाओं ने पारंपरिक रूप से श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की और उपवास रखा। इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें परिवार की अलग-अलग पीढ़ियों की महिलाओं ने एक साथ सहभागिता की। बेटी और बहू के साथ सास, देवरानी और नंद ने भी तीज व्रत की परंपरा निभाई। वहीं मोहल्ले की बेटियों और सहेलियों की मौजूदगी ने आयोजन को और अधिक जीवंत बना दिया।



बेटी-बहू से सास-नंद तक ने निभाई तीज परंपरा

सभी ने एक-दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए पर्व की खुशियां बांटीं। समाज अध्यक्ष श्रीमती बबीता विनोद कुलदीप ने कहा कि तीज केवल व्रत और पूजा का पर्व नहीं बल्कि परिवार एवं समाज में प्रेम, विश्वास और आपसी संबंधों को मजबूत करने का अवसर भी है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने और अपनी पारंपरिक संस्कृति को आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है। आयोजन के दौरान महिलाओं ने तीज माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वरिष्ठ महिलाओं ने तीज की परंपराओं और धार्मिक महत्व से नई पीढ़ी को भी अवगत कराया। इस दौरान महिलाओं के बीच उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा।

# गणेश विसर्जन झांकी को लेकर प्रशासन व पुलिस की अहम बैठक: डीजे में अधिकतम 4 बेस व 4 टॉप की अनुमति, रूट उल्लंघन पर होगी सख्ती

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश, अश्लील व विवादित गानों पर पूर्ण प्रतिबंध

### कलेक्ट्रेट में 33 झांकी समितियों व डीजे संचालकों के साथ हुई समीक्षा; शांति, अनुशासन और सुरक्षा पर जोर



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में प्रतिवर्ष की भांति निकलने वाली ऐतिहासिक गणेश विसर्जन झांकी को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस महकमे ने कमर कस ली है। कलेक्टर जीतेंद्र यादव एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 33 गणेश विसर्जन झांकी समितियों के पदाधिकारियों तथा डीजे/धुमाल संचालकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सी.एल. मारकण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विसर्जन पर्व के दौरान सुप्रीम कोर्ट के ध्वनि प्रदूषण संबंधी निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा।

#### डीजे एवं ध्वनि सीमा पर सख्त हिदायत

बैठक में डीजे संचालकों और समितियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी झांकी में 04 बेस एवं 04 टॉप (कुल 08 साउंड सिस्टम) से अधिक की अनुमति नहीं होगी। ध्वनि की तीव्रता तय मानकों के भीतर ही रखनी होगी। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के अश्लील, भड़काऊ या विवादित गाने बजाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उल्लंघन पाए जाने पर साउंड सिस्टम जब्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### तय रूट का पालन और आपसी तालमेल जरूरी

अधिकारियों ने कहा कि सभी झांकियों को प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट से ही निकाला जाएगा। विभिन्न मार्गों से आने वाली झांकियों के बीच बेहतर समन्वय और समय-सारणी का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है, जिससे कहीं भी अनावश्यक ठहराव या जाम की स्थिति न बने।

#### वाहन और ईंधन व्यवस्था पर विशेष सतर्कता

झांकी के दौरान वाहनों की खराबी या ईंधन खत्म होने से मार्ग अवरुद्ध न हो, इसके लिए समितियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं.झांकी वाहनों और जनरेटरों में ईंधन की पर्याप्त व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। वाहन चालक झांकी के दौरान गाड़ी छोड़कर कहीं न जाएं और चाबी अपने पास ही रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वाहन को तुरंत आगे बढ़ाया जा सके। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन, क्राइम डीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, डीएसपी के.पी. मरकाम, डीएसपी (यातायात) के.के. बाजपेई, कोतवाली टीआई उपेंद्र शाह, बसंतपुर टीआई कौशलेश देवांगन, लालबाग टीआई रमेश पटेल, सोमनी टीआई एमन साहू, यातायात प्रभारी नवरत्न कश्यप, चिखली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कैलाश मरई, निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, जिला विशेष शाखा प्रभारी विजय नेताम सहित जिले की झांकी समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजनांदगांव में नकली शराब का भंडाफोड़ : लेबल-होलोग्राम के साथ गिरोह के 3 आरोपी गिरफ्तार, 2.42 लाख का सामान जब्त



राजनांदगांव (दावा)। जिले में अवैध शराब के निर्माण, री-बॉटलिंग और नकली लेबल-होलोग्राम के जरिए शराब को वैध बताकर खपाने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ थाना, मोहारा पुलिस चौकी और साइबर/क्राइम टीम की संयुक्त कार्रवाई में मामले से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने प्रकरण में अब तक करीब 2 लाख 42 हजार 462 रुपये का मशरूका जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में हीतेजेश्वर साहू निवासी विचारपुर, देवव्रत वर्मा निवासी मोहारा और आनंद अग्रवाल निवासी जयस्तंभ चौक शामिल हैं। मामले में दो आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं।

#### 3 हजार लेबल और होलोग्राम तैयार कराने का खुलासा

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी देवव्रत वर्मा ने फरार आरोपी महेंद्र वर्मा उर्फ बड़ा कट्टी के कहने पर ग्राम मोहारा स्थित प्रिंटिंग दुकान से छत्तीसगढ़ में निर्मित जम्मू व्हिस्की के करीब 3 हजार लेबल और 3 हजार होलोग्राम स्टीकर तैयार करवाए थे। प्रिंटिंग दुकान की तलाशी में जम्मू व्हिस्की के प्रिंटेड लेबल, होलोग्राम स्टीकर के नमूने, लेजर प्रिंटर, कंप्यूटर, मॉनिटर, मोबाइल सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है। पुलिस को आरोपियों के बीच हुए UPI लेन-देन के डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं।

#### 2,100 प्लास्टिक बोतलें भी जब्त

पुलिस ने आरोपी आनंद अग्रवाल के कब्जे से 180 एमएल क्षमता की 2,100 प्लास्टिक बोतलें बरामद की हैं। इन बोतलों पर छत्तीसगढ़ में बिक्री से संबंधित अंकन पाया गया है। इसके अलावा मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। मामले की पूर्व जांच में पुलिस ने मोहारा स्थित एक बोरघर से 497 नग 180 एमएल पौवा शराब, जिसकी कुल मात्रा 89.46 बल्क लीटर थी, बरामद की थी। इसमें उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ निर्मित शराब के साथ नकली लेबल, होलोग्राम स्टीकर, खाली बोतलें, ढक्कन और अन्य पैकेजिंग सामग्री मिली थी।

#### एफएसएल जांच और नेटवर्क की पड़ताल जारी

पुलिस के अनुसार आबकारी विभाग की प्रारंभिक जांच में जब्त शराब के नमूनों में मिलावट और दोबारा बॉटलिंग किए जाने की आशंका सामने आई है। वहीं जब्त लेबल, होलोग्राम और पैकेजिंग सामग्री को संदिग्ध बताया गया है। इसकी पुष्टि के लिए सामग्री को FSL और संबंधित निर्माण इकाइयों से सत्यापित कराया जा रहा है।

#### डिजिटल साक्ष्यों की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस अब आरोपियों के मोबाइल फोन, क्यू लेन-देन, कॉल डिटेल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है। शराब की निर्माण, री-बॉटलिंग, लेबलिंग, पैकेजिंग, परिवहन और बिक्री से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जिन अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आएगी, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# आशीर्वाद का दीया एक लाख से अधिक दीप प्रज्वलन कार्यक्रम की सफलता पर महापौर मधुसूदन यादव ने जताया आभार



राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजनांदगांव शहर में आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले शहरवासियों,जनप्रतिनिधियो, सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव वासियों ने उत्साह और सहभागिता के साथ दीप प्रज्वलित कर सेवा, समर्पण और संकल्प की भावना को अभिव्यक्त किया।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि ऐतिहासिक शीतला मंदिर परिसर एवं रानी सागर, बूढ़ा सागर सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। शहर के 51 वार्डों में एक-एक हजार दीप प्रज्वलित किए गए। इसके साथ ही प्रमुख धार्मिक स्थलों, गणेश पंडालों तथा महापुरुषों एवं शहीदों की प्रतिमाओ के स्थलो पर दीप प्रज्जवलित किये गये। इस प्रकार शहर मं लगभग 1 लाख 51 हजार दीप प्रज्वलित हुए। महापौर ने कहा कि इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने में नगरवासियों की सहभागिता और सहयोग महत्वपूर्ण रहा। महापौर ने आयोजन के दौरान प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों, जनप्रतिनिधियो, पार्षदों, गणमान्य नागरिको, पत्रकार बंधुओ, स्कूल के शिक्षको व विद्यार्थियों, महिला समूहों तथा प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। महापौर ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान यदि किसी नागरिक को किसी प्रकार की परेशानी अथवा असुविधा हुई हो तो वे उसके लिए खेद व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजनों को और बेहतर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखा जाएगा।

महापौर ने कहा कि धर्मनगरी डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर भी दीप प्रज्वलन के माध्यम से सेवा, सुशासन और जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाया गया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजनांदगांव की जनता के प्रति पुनः आभार व्यक्त किया है।



श्री गणेश सेवा समिति मेन रोड ममता नगर, राजनांदगांव

# सेवा संकल्प अभियान: सांसद संतोष पाण्डेय ने दिव्यांगजनों को पेट्रोल चलित स्कूटी प्रदान की



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डेय ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत कलेक्टोरेट परिसर में सांसद निधि से जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम धर्मापुर निवासी दिव्यांग गणेश खुटेल एवं जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पटपर निवासी दिव्यांग सुश्री नंदनी सिन्हा को पेट्रोल चलित स्कूटी प्रदान की। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों को पेट्रोल चलित स्कूटी प्रदान कर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने तथा उनके आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। दिव्यांगजनों को सुविधाएं एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जाना चाहिए। दिव्यांगजनों को गतिशीलता का साधन उपलब्ध कराना उनके स्वावलंबन और सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

दिव्यांग गणेश खुटेल 80 प्रतिशत दिव्यांगता एवं दिव्यांग सुश्री नंदनी सिन्हा 70 प्रतिशत दिव्यांगता से प्रभावित है। हितग्राहियों ने कहा कि स्कूटी मिलने से दैनिक जीवन के आवश्यक कार्यों के साथ-साथ रोजगार, व्यवसाय, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में आने-जाने में सुविधा मिलेगी। इससे उन्हें आवागमन के लिए दूसरों पर निर्भरता कम करने तथा आत्मविश्वास के साथ अपने कार्यों को संपादित करने में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने स्कूटी मिलने पर शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# रॉयल कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल कॉलेज लालबाग, राजनांदगाँव में 16 सितंबर 2026 को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों सहित बी.एड., बी.एससी. एवं बी.कॉम. के विद्यार्थियों द्वारा जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकल गई एवं पर्यावरण तथा ओजोन परत को बचाने हेतु नारे लगाए गए।

रैली कॉलेज प्रांगण से आरंभ होकर लालबाग कॉलोनी से होते हुए प्यारेलाल चौक पर पहुंची वहां पर विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात नया बस स्टैंड होते हुए रैली कॉलेज वापस पहुंची।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, डॉ. आई.के. वैष्णव बरसर, श्रीमती ईला सिंह (एडवाइजर), डॉ. यामिनी साहू उपप्राचार्य, डॉ. संध्या महोबे, डॉ. रागिनी सरजारे, एम.एस. नारंग, श्रीमती घनेश्वरी साहू, डॉ. जागेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पी.एल. मोहबे, श्रीमती शशिकला सिंह ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उत्साहवर्धन किया।

# नूरी मस्जिद गौरी नगर में सर्वसम्मति से शाहेबान अली बनाए गए सदर



राजनांदगांव (दावा)। गौरीनगर स्थित नूरी मस्जिद में वर्षों से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए आज 18 सितम्बर आम जमातियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपसी सलाह-मशवरा एवं विचार-विमर्श के पश्चात जनाब शाहेबान अली को सर्वसम्मति से नूरी मस्जिद गौरी नगर का नया सदर (अध्यक्ष) बनाया गया।

ज्ञात हो कि विगत दिनों नूरी मस्जिद के पूर्व सदर जनाब हाजी वफीद भाई ने अस्वस्थता के कारण अपने पद से इस्तीफा दिया था। इसके पश्चात आम जमातियों द्वारा आपसी सहमति एवं सलाह-मशवरे से नए सदर के चयन का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में आज आवश्यक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से जनाब शाहेबान अली के नाम पर सहमति बनी और उन्हें नूरी मस्जिद गौरी नगर का सदर बनाया गया।

बैठक में उपस्थित जमातियों ने नवनियुक्त सदर जनाब शाहेबान अली का फूल मालाओं के साथ इस्तेकबाल करते हुए मुबारकबाद दी तथा मोतीचूर के लड्डू बांट कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया साथ ही यह उम्मीद जताई कि वे मस्जिद एवं जमात से जुड़े कार्यों को आपसी भाईचारे, एकता और सभी की सहमति से आगे बढ़ाएंगे। साथ ही पूर्व सदर हाजी वफीद भाई के कार्यकाल एवं उनके योगदान के लिए उपस्थित लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से जनाब हाजी वफीद भाई, जनाब हाजी हमीद खान, जनाब हाजी अब्दुल लतीफ, जनाब हाजी महेताब खान, जनाब हाजी हलीम बख्श गाज़ी, जनाब कलीम मिस्त्री, जनाब वदूद भाई, जनाब यूनुस भाई, जनाब अनवर खान, जनाब नसीम कुरैशी, जनाब मुकीम भाई, जनाब सलीम भाई, जनाब अनीश खान, जनाब सैयद नदीम अली, जनाब निजाम भाई, जनाब शागिर भाई, जनाब रशीद भाई, जनाब हफीज खान, जनाब शाहिद भाई, जनाब जमाल भाई, जनाब असलम भाई, जनाब मुनव्वर, जनाब हकीम भाई, जनाब राजा खान, जनाब जफर भाई, जनाब समद खान, जनाब सलीम कुरैशी, जनाब वहीद खान, जनाब सलीम पेंटर, जनाब कादिर पेंटर, जनाब मोहसिन खान, जनाब अफजल, जनाब इरफान खान, जनाब फारूक भाई, जनाब ताहिर भाई, जनाब जाकिर भाई, जनाब रज्जब अली, जनाब सलीम बबलू, जनाब इब्राहिम खान, जनाब यूसुफ भाई, जनाब परवेज अख्तर, जनाब शब्बीर खान, जनाब कलाम, जनाब फिरोज चौहान, जनाब तस्लीम खान, जनाब हारिस खान, जनाब मन्नान कुरैशी, जनाब मेराज खान, जनाब शब्बीर भाई सहित बड़ी संख्या में आम जमाती उपस्थित रहे। बैठक का समापन आपसी सौहार्द, भाईचारे और मस्जिद एवं जमात की बेहतरी के लिए मिलजुलकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

# मोदी जी के जन्मदिन पर आस्था मूकबधिर शाला में जगमगाया 'आशीर्वाद का दीया'



शाला में धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री मोदी जी का जन्मदिन

राजनांदगांव (दावा)। शहर की आस्था मूक बधिर शाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन आशीर्वाद का दीया जलाकर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शाला के मूक बधिर बच्चों ने देश के प्रधानमंत्री मोदी जी की लंबी आयु और स्वास्थ्य की कामना करते हुए शाला प्रांगण में सैकड़ों आशीर्वाद के दीए जलाए और उन्हें दिली तौर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस दौरान समाज कल्याण विभाग की डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती वैशाली मरडवार विशेष तौर पर जिनके निर्देशन में आस्था व मूक बधिर शाला में आयोजित आशीर्वाद दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में भक्ति संगीत व भजन -कीर्तन का भी माहौल बना रहा। शाला की सचिव सुश्री निकहत परवीन ने अपने भक्ति पूर्ण गीतों से ऐसा समां बांधा कि कार्यक्रम में आगत अतिथि झूम उठे और उनके गीतों की सराहना की।

**सैकड़ों दीयों के प्रज्वलन से आलोकित हुआ मूकबधिर शाला:** बता दें कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन को इस बार पूरे देश भर में सेवा संकल्प अभियान के रुप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर के दिन देश भर में करोड़ों की संख्या में आशीर्वाद दीए जलाकर की गई। इस क्रम में आस्था मूक-बधिर शाला में 17 सितंबर की संध्या राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू के मुख्य आतिथ्य व पद्मश्री डॉक्टर पुखराज बाफना, पद्मश्री फुलवासन बाई, जी के विशेष अतिथ्य में मोदी जी के राजनीतिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के प्रतीक उनके 76 जन्मदिन पर 2500 की संख्या में आशीर्वाद के दीए जलाए कर वातावरण को आलोकित किया गया। इससे पूरा शाला परिसर रौशनियो से नहा गया। मोदी जी के 76 वे जन्म दिन पर आयोजित उक्त आशीर्वाद दीया प्रज्वलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी संस्थाओं के लोगों ने भी हाथ बंटाया। इस दौरान विहिप व आरएसएस के विष्णु साव (अधिवक्ता) नंदू साहू, अरुण गुप्ता, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद, पार्षद रवि सिन्हा, आस्था मूकबधिर शाला के अध्यक्ष महेंद्र सुराणा, सचिव राजेश जैन,शाला प्रभारी भूपेंद्र बाजपेई शिव राठी सहित बड़ी संख्या में मोदी जी के प्रेमी जन उपस्थित थे। मोदी जी के जन्म दिन पर आशीर्वाद दीया प्रज्वलन अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद द्वारा समस्त स्टाफ उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता, अच्छी आदत अच्छे विचार व अच्छे आचरण सहित देश में सुख शांति व समृद्धि बनी रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में अपने प्रिय प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन की खुशियां मनाते हुए लोगों में काजू, किसमिश बादाम सुखे मेवे व मिठाईयां बांटी गई।

# शनिदेव परिवार ने दुर्ग-भिलाई में प्रज्वलित किए 4 लाख दीप, पीएम मोदी का जन्मोत्सव 'दीपोत्सव' के रूप में मनाया


### 'आशीर्वाद का दिया' अभियान के तहत दुर्ग, भिलाई, भिलाई-3 और खुर्सीपार जगमगाए

### पुलिस परेड ग्राउंड में सवा लाख दीयों से बना भारत का भव्य नक्शा, 50 हजार से अधिक लोग बने साक्षी

राजनांदगांव (दावा)। शनिदेव परिवार के प्रमुख राकेश ठाकुर (अधिवक्ता) के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में ऐतिहासिक 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्ग जिला प्रशासन, जिला भाजपा भिलाई, नगर पालिका परिषद भिलाई-03 एवं खुर्सीपार के नागरिकों के संयुक्त आमंत्रण व सहयोग से 4 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित कर जन्मोत्सव को भव्य दीपोत्सव के रूप में मनाया गया।

#### प्रमुख स्थलों पर भव्य दीप प्रज्वलन

पुलिस परेड ग्राउंड (दुर्ग) जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के सहयोग से सवा लाख दीयों की सहायता से भारत का भव्य नक्शा उकेरा गया, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। बैकुण्ठधाम मंदिर सरोवर (भिलाई) जिला भाजपा के सहयोग से सवा लाख दीप प्रज्वलित किए गए। इस अलौकिक व दिव्य दृश्य के 50,000 से अधिक नागरिक साक्षी बने। हेलीपैड ग्राउंड (भिलाई-03)= स्थानीय प्रशासन की सहभागिता से 51,000 दीप जलाए गए, जिसमें हजारों की संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा। खुर्सीपार (भिलाई) स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और आम नागरिकों की सहभागिता से 51,000 दीये प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया।



#### सामाजिक समरसता और महिला आत्मनिर्भरता को बढ़ावा

सभी आयोजन शनिदेव धाम परिवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। संस्था प्रमुख राकेश ठाकुर, जिन्हें क्षेत्र में 'दीया वाले बाबा' के नाम से भी जाना जाता है, विगत कई वर्षों से प्रदेशभर में लाखों दीप प्रज्वलन का सेवा कार्य संचालित कर रहे हैं।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता और एकजुटता का संदेश देना है। इसके साथ ही वोकल फॉर लोकल और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए सभी मिट्टी के दीये स्थानीय कुम्हारों से खरीदे गए तथा दीयों की बत्तियां स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार कराई गईं, जिससे मातृशक्ति को आर्थिक संबल मिला। शनिदेव परिवार ने आगामी समय में भी इस तरह के बड़े सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का संकल्प दोहराया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com